

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 287 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 11 अगस्त 2023



पेज -4 पर — लैलूंगा विधानसभा में संभावित दावेदार हो सकते हैं- जागेश सिंह

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं जिला आह्वान पर किसान मोर्चा ... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## सुरक्षा और शांति बनाए रखने में पुलिस सेवा की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

### रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा में रेंज स्तरीय नए साईबर पुलिस थानों का लोकार्पण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के माना स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आधुनिक कंपोजिट इंडोर फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान पुलिसिंग सेवा को और बेहतर बनाने के लिए नवीन पुलिस वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए आधुनिक तकनीक तथा पुलिस सुविधाओं से युक्त साईबर थाना, महिला हेल्प डेस्क सहित विभिन्न भवनों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।







अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का निर्माण 6.67 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है, इससे छत्तीसगढ़ पुलिस को उत्तम और बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में शांति और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस सेवा की अहम भूमिका होती है। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में पुलिस सेवा को सुदृढ़ बनाने हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत उन्हें बेहतर वातावरण, बेहतर सुविधाएं तथा बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है।


मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पुलिस बल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत आज आधुनिक कंपोजिट इंडोर फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। इससे पुलिस बल की ताकत तथा क्षमता और बढ़ जाएगी तथा वे बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पौने पांच वर्षों के दौरान आप लोगों ने प्रदेश की शांति और सुरक्षा को कायम रखने की दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसके परिणाम स्वरूप हमारे राज्य की कानून व्यवस्था अन्य राज्यों से बेहतर है, यह राज्य में पुलिसिंग सेवा की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है।

गृहमंत्री श्री साहू ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा विकास के साथ-साथ सुरक्षा हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही पुलिसिंग सेवा को अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस करते हुए और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। कार्यक्रम को पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेश श्री प्रदीप गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ में पुलिसिंग सेवा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार पहल आदि के बारे में जानकारी दी।

## छत्तीसगढ़ क्रेडाइ स्टेट कांफ्रेंस 21 को

### देशभर के विशेषज्ञ होंगे शामिल, सीएम भूपेश बघेल का होगा सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रेडाई का स्टेट कांफ्रेस 21 अगस्त को रायपुर में होने जा रहा है। स्टेट कांफ्रेंस इससे पहले वर्ष 2020 में हुआ था और उसके बाद कोरोनाकाल के दौरान नहीं हुआ था। इस बीच कुछ नई पालिसी बन गई है तो कुछ नई जानकारियां भी डेवलप हो गई है।



इन सारे विषयों से अवगत कराने के लिए देश के विशेषज्ञ भी स्टेट कांफ्रेंस में शामिल होने आ रहे हैं। साथ क्रेडाई के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम नया रायपुर स्थित मेफेयर में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सम्मान भी किया जाएगा। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमेन आयुष मोदी,सचिव पंकज लाहोटी ने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रेडाई ने हमेशा कुछ न कुछ नया अपने मेंबर्स के लिए किया है। स्टेट कांफ्रेंस करने का उद्देश्य केवल अपने राज्य तक ही नहीं बल्कि बाहर स्टेट में क्या कुछ नया हो रहा है जानकारी उपलब्ध कराना है। वहां की पालिसी क्या है, नेशनल स्तर पर क्या पालिसी है, हम क्या कुछ सुधार कर सकते हैं जैसे विषयों से अवगत कराना है।

***बिल्डर्स-डेवलपर्स लेंगें हिस्सा***

यह कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे शुरू होगा और शाम सात बजे तक चलेगा। लगभग 300 से 350 बिल्डर्स-डेवलपर्स इसमें हिस्सा लेंगे। जिससे एक-दूसरे की जानकारियों को साझा करने का अवसर मिलेगा।

## मोबाइल शॉप से नकदी सहित अन्य सामान पार

**रायपुर ।** रविभवन स्थित मां शक्ति मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने एक नग मोबाइल सहित नकदी 20 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भरत कुमार रूपचंदानी 35 वर्ष कपिस विहार अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का रविभवन में मां शक्ति मोबाइल शॉप नाम से दुकान है। +

जांजगीर में होगा भरोसे का सम्मेलन

## सीएम बघेल के साथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी होंगे शामिल




**जांजगीर चांपा।** जिले में 13 अगस्त को भरोसे का सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री मंडल समेत बड़े कांग्रेस नेता शिरकत करेंगे. कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है. जांजगीर पुलिस ग्राउंड को पूरी तरह से सजाया जा रहा है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। जांजगीर पुलिस ग्राउंड में जिला प्रशासन के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी लगातार नजर बनाये हुए है. वहीं कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने विधान सभा अध्यक्ष चरण दास महंत, प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुन्दर दास और कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचे. प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक होना बताया और आजादी के बाद जांजगीर का पहला भव्यता लिए हुए कार्यक्रम होने का दावा किया है.

### एक नजर

## रविशंकर विश्वविद्यालय सालभर बाद नैक से कराएगा री-एसेसमेंट



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) की तरफ नई ग्रेडिंग दी गई है। विश्वविद्यालय को बी प्लस-प्लस ग्रेडिंग मिली है, जो पिछली बार की तुलना में कम है। अभी तक विश्वविद्यालय के पास नैक का ए प्लस ग्रेड था।

नैक की तरफ से मिली नई ग्रेडिंग के बाद ही विश्वविद्यालय प्रबंधन री-एसेसमेंट की तैयारी शुरू कर दी है। अभी तक रविशंकर विश्वविद्यालय कभी भी री-एसेसमेंट नहीं करवाया है, पहली बार री-एसेसमेंट करवाने की तैयारी कर रहे हैं। नैक के नियम के मुताबिक ग्रेड मिलने के एक साल बाद री-एसेसमेंट के लिए आवेदन किया जा सकता है। नैक टीम की तरफ से प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रबंधन टीम बनाने की तैयारी कर रहा है। नैक एसेसमेंट के दौरान जिन-जिन बिंदुओं पर विश्वविद्यालय को कम अंक मिले हैं, उन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर एक साल के अंदर पूरी कमियों को दूर किया जाएगा।

## एक लाख लोग एक साथ गाएंगे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और राजकीय गीत अरपा पैरी के धार

रायपुर। 11 अगस्त की सुबह शहर में नया किर्तीमान स्थापित करने के लिए तैयारिया जोरों पर है। शुक्रवार को साइंस कालेज ग्राउंड में एक लाख से अधिक लोग एक साथ मिलकर देश की राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाएंगे।



इसके साथ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गीत भी गाया जाएगा। इस तरह दो रिकार्ड गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज होंगे। इस दौरान वर्ल्ड रिकार्ड की टीम मौजूद रहेगी।

इस आयोजन में शामिल होने के लिए मशहूर हस्तियों ने लोगों से अपील की है। आयोजक ओम मंडली शिवशक्ति अवतार सेवा संस्थान और वसुधेव कुटुंबकम फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि एक ऐसा रिकार्ड जो देश, प्रदेश और दुनिया में अनूठा होगा। छत्तीसगढ़ के इतिहास में हमेशा-हमेशा के लिए दर्ज हो जाएगा। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को और भी खास और यादगान बनाने के लिए यह पहल की गई है।

**निकलेंगी भव्य झांकियां,**

**महिलाएं भारत माता की वेशभूषा में**

आयोजकों में तुमेशवर साहू ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह 8 बजे साइंस कालेज ग्राउंड से मेरी शान, वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान कई झांकियां भी निकाली जाएंगी। इसमें स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

## सारनाथ एक्सप्रेस में गांजा तस्करी



**रायपुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से उत्तरप्रदेश गांजा लेकर जा रहे दो तस्कर को जीआरपी की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सारनाथ एक्सप्रेस से गांजा तस्करी करने की तैयारी में थे। जांच के दौरान टीम ने उनके पास से दो ट्रॉली बैग से 28 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। तस्कर गांजा को ओड़ीशा से लेकर आ रहे थे। रेलवे के एसआरपी जेआर ठाकुर ने ट्रेनों में गांजा व नशे का सामान तस्करी रोकने के लिए एंटी क्राइम टीम का गठन किया है।

## रीपा में ग्रामीण उद्योगों की स्थापना की जाए- मंत्री चौबे

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने राज्य में विकसित किए जा रहे रीपा में स्थानीय जरूरतों के मुताबिक आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित की जाए। यहां पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा



दिया जाए। रीपा में ग्रामीण उद्योगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की अधोसंरचना तैयार की जाए जिससे यहां उद्योग लगाने वाले युवाओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हों। उन्होंने रीपा केंद्रों में परंपरागत व्यवसायों से जुड़े परिवारों के साथ ही सभी वर्गों के लोगों को जोड़ने कहा। श्री चौबे आज राजधानी रायपुर के ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत निमोरा के सभागार में पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

सामान्य सभा के दौरान हंगामा

## जिला पंचायत सदस्य ने खुद पर मिट्टी तेल डालकर की आत्मदाह की कोशिश




**धमतरी।** जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक के दौरान बड़ा हंगामा हो गया. जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव ने खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह की कोशिश की. घटना के बाद सदस्य को अस्पताल ले जाया गया है। भाजपा से जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ने 15वें वित्त की राशि में भेदभाव के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया है. घटना से कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया. सभा के अंदर ऐसे कृत्य पर कांग्रेस ने घटना की निंदा की.

पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया गया है

## बस माचिस की तीली जलाने की देर है-भूपेश बघेल

**रायपुर.** केंद्रीय मंत्री अमित शाह के राहुल गांधी पर दिए बयान को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. सीएम ने कहा कि अमित शाह अभी तक अपने बेटे को लांच नहीं कर पाए. जितने बार आप रोकने की कोशिश करेंगे राहुल गांधी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेंगे. उन्हें लॉन्च करने की जरूरत नहीं है. गांधी-नेहरू परिवार ने देश के लिए कुर्बानियां दी है. अमित शाह आज गृह मंत्री हैं, कल क्या थे सभी जानते हैं।



वहीं राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए सीएम ने कहा कि पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया गया है. बस माचिस की तीली जलाने की देर है. राहुल गांधी ने जो बात कही थी वह सच साबित हो रहा है. जहां कभी कुछ नहीं हो रहा था वहां भी अब दंगे हो रहे हैं. दंगे होते हैं तो बीजेपी के लोग दुखी नहीं होते हैं. आम जनता के जान माल का नुकसान होता है तो ये लोग खुश होते हैं. भाजपा नफरत के आधार पर राजनीति करती है.

सीएम ने कहा कि जितने ज्यादा दंगे होंगे उतने ज्यादा बीजेपी वाले लोग खुश होंगे. बीजेपी के मंशा के अनुरूप यह सब हो रहा है.

## कई एजेंडों पर होगी बहस, हंगामे के आसार

**रायपुर।** कई महीने बाद रायपुर नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक होने वाली है। कल शुक्रवार सुबह 11 बजे नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन में सामान्य सभा की बैठक होगी। नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय और नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे के आदेशानुसार सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई है।




सभापति प्रमोद दुबे की अध्यक्षता में नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। पहले से ही तय एक घंटे में ही प्रश्नकाल की कार्यवाही होगी।

**हादसा...** छठी कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

## 2 युवकों की मौके पर मौत, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया. इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.



यह हादसा कुसमुंडा थाना अंतर्गत वैशाली नगर पेट्रोल पंप के पास हुआ है. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने किसी साथी के यहां छठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. जहां से वापसी के दौरान यह हादसा हो गया। मृतकों के दोस्त संतोष शर्मा ने बताया कि दोनों संतोष श्रीवास और जे आरमी अपने किसी साथी के यहां छठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. वहां से घर वापसी के दौरान हादसा हो गया. दोनों मृतक कुसमुंडा खदान में एक ठेका कंपनी में कार्यरत थे. कुसमुंडा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि घटना के सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. जहां घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया. वहीं मृतक की परिजनों को सूचना दे दी गई है. फरार चालक की तलाश की जा रही है. कुसमुंडा मार्ग पर चलना इन दिनों खतरे से खाली नहीं है. सड़क निर्माण के साथ ही भारी वाहनों के दबाव के चलते जरा सी लापरवाही काफी भारी पड़ सकती है।

ऐसा ही कुछ बाइक सवारों के साथ भी हुआ होगा. जिसके कारण उनकी मौत हो गई. फिलहाल, मामले में पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## कांग्रेस नेता अरविंद नेताम ने दिया इस्तीफा

**कांकेर।** कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा AICC और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजा है। पीसीसी चीफ दीपक बैज का नेताम के इस्तीफे पर बयान सामने आया है। बैज बोले उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उनकी अपनी विचारधारा पर मेरा कुछ कहना सही नहीं। अरविंद नेताम सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक हैं। वे इंदिरा गांधी और नरसिम्हा



राव की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। अरविंद नेताम फिलहाल रायपुर में हैं। उन्होंने 9 अगस्त को ही अपना इस्तीफा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और PCC चीफ दीपक बैज को भेजा। इस्तीफे में उन्होंने लिखा है कि मैं कांग्रेस पार्टी का क्रियाशील सदस्य हूं। 5 वर्ष पूर्व तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर कांग्रेस में वापस आकर अपने अनुभव से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का हमेशा प्रयास किया, लेकिन प्रदेश नेतृत्व के असहयोग पूर्ण रवैये के कारण मुझे निराशा हुई। नेताम ने अपने इस्तीफे में आगे लिखा है कि प्रदेश सरकार राज्य में आदिवासी समाज के लिए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के द्वारा प्रदान संवैधानिक अधिकारों के विपरीत काम कर रही है।

# हिंदुत्व के पिच पर भाजपा को बोल्ड करने का साहसिक प्रयोग..!

मध्यप्रदेश में फिर सत्ता में आने की आस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के सीएम पद के दावेदार कमलनाथ एक अनोखा प्रयोग कर रहे हैं। यह प्रयोग हिंदुत्व के पिच पर ही भाजपा को बोल्ड करने का है। हालांकि, राजनीतिक जोखिम से भरे इस कदम का कांग्रेस में ही विरोध हो रहा है। इसके पीछे सोच यह है कि यह दुस्साहसिक दांव उलटा भी पड़ सकता है, क्योंकि यह कांग्रेस के मूल चरित्र से मेल नहीं खाता।

लेकिन कमलनाथ अपनी बात पर कायम हैं, क्योंकि सत्ता के खेल में जीत ही नैतिकता के मानदंडों को तय करती है। लिहाजा हाल में कमलनाथ ने कहा कि जिस देश की 82 फीसदी जनता हिंदू है, वह स्वमेव हिंदू राष्ट्र तो है ही।

यही नहीं उन्होंने भाजपा के अघोषित प्रचारक समझे जाने वाले स्टार बाबा धीरेन्द्र शास्त्री की कथा का भव्य आयोजन करवाया तथा अब एक और सेलिब्रिटी कथा वाचक कुबरेश्वर धाम के पं. प्रदीप मिश्रा की कथा भी छिंदवाड़ा में होने जा रही है। यानी कांग्रेस की विचारधारा सनातनी रस में सराबोर होने वाली है। वैसे भी कमलनाथ हनुमान भक्त तो हैं ही। उन्होंने छिंदवाड़ा में राम भक्त हनुमान की विशाल प्रतिमा स्थापित करवाई है। वो साबित यह करना चाह रहे हैं कि हिंदू धर्म में उनकी आस्था भाजपाइयों की तुलना में रत्ती भर भी कम नहीं है, बल्कि दो-चार माशा ज्यादा ही होगी।

कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्षता और सर्व धर्म समभाव की मोटे तौर मध्यमार्गी विचारधारा पर चलने वाली पार्टी के लिए मप्र जैसे अपेक्षाकृत धार्मिक रूप से कम ध्रुवीकृत राज्य में कमलनाथ द्वारा हिंदुत्व की स्पष्ट लाइन लिया जाना राजनीतिक हलकों में नया कौतूहल पैदा कर रहा है, इसलिए क्योंकि अगर यह लाइन कांग्रेस को सत्ता में लौटाने और खुद कमलनाथ को दोबारा सीएम बनवाने का कारण बनती है तो हो सकता है कि कल को पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर इसी लाइन को खाद पानी दे। दरअसल, देश में भाजपा के जबरदस्त उभार तथा धर्म और राजनीति के घालमेल के बाद कांग्रेस अब बीती सदी के सत्तर-अस्सी के दशक में अपने वामपंथी झुकाव से नरम राष्ट्रवादी चरित्र की ओर करवट लेने की कोशिश कर रही है।



> सत्ता के खेल में जीत ही नैतिकता के मानदंडों को तय करती है। लिहाजा हाल में कमलनाथ ने कहा कि जिस देश की 82 फीसदी जनता हिंदू है, वह स्वमेव हिंदू राष्ट्र तो है ही।

इसका पहला सफल प्रयोग पिछले दिनों कर्नाटक विधानसभा चुनाव में देखने को मिला, जहां पार्टी ने बजरंगबली को भाजपा के रामसेतु से अपने पाले में खींचा और चुनावी जीत की संजीवनी बूटी पाई।

दूसरी तरफ आत्मरक्षा में भाजपा ने जय बजरंगबली घोष के साथ कई अभिमंत्रित शिलाएं चुनावी महासागर में ठेलीं, मगर उनमें से ज्यादातर तैर नहीं सकीं। लगता है कमलनाथ ने अब उन्हीं तैरती रामशिलाओं को नर्मदा में प्रवाहित करने का संकल्प लिया है। वैसे भी कांग्रेस को यह महसूस हो रहा है कि जब तक बहुसंख्यक हिंदू वोट उसकी तरफ नहीं लौटेगा, तब तक कांग्रेस के लिए दिल्ली का दरवाजा उसके लिए नहीं खुलेगा। यही कारण है कि हाल में किसी पत्रकार ने जब कमलनाथ से छिंदवाड़ा में बागेश्वर धाम के स्टार बाबा पं. धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा अपने प्रवचनों में की जाने वाली हिंदू राष्ट्र की पैरवी पर कमलनाथ की प्रतिक्रिया थी कि देश की 82 फ़ीसदी जनता हिंदू है तो ये कोई कहने कि बात नहीं है, ये हिंदू राष्ट्र तो है ही। धीरेन्द्र शास्त्री के बयान की व्याख्या करते हुए कमलनाथ ने कहा कि बाबा ने हिंदू राष्ट्र की बात नहीं की, उन्होंने तो पूरे देश की बात की। ये देश सभी धर्मों का है। हिंदू राष्ट्र बनाने की क्या बात है, 82 फीसदी लोग तो हिंदू हैं। कमलनाथ की इस व्याख्या से कांग्रेस में ही बहुत से लोग सहमत नहीं हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने तो छिंदवाड़ा में पं. धीरेन्द्र शास्त्री की कथा कराने पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनका कहना था कि धीरेन्द्र शास्त्री राजनीतिक पार्टी का वरदहस्त है, सबको पता है।

दूसरे, कमलनाथ की यह लाइन पार्टी के एक और दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह की विचारधारा से मेल नहीं खाती। निजी तौर पर खांटी हिंदू होने के बाद भी राजनीतिक स्तर पर दिग्विजय धर्मनिरपेक्षता के अडिग समर्थक हैं। कमलनाथ की इस लाइन पर कांग्रेस के अल्पसंख्यक नेताओं में भी शंका है और एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने तो इसकी खुलकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जिस लाइन पर चल रहे हैं, वो तो आरएसएस की है। भाजपा तो हिंदू धर्म की बात करने वाले हिंदुओं को 'इच्छाधारी हिंदू' पहले ही घोषित कर चुकी है। बहरहाल, कमलनाथ ने जो कहा वो तथ्यात्मक रूप से सही है, क्योंकि इस देश की 82 फीसदी आबादी हिंदू है। इस अर्थ में यह बहुसंख्यक हिंदुओं का देश ही है। लेकिन वह 'हिंदू राष्ट्र' भी है या नहीं, इस पर मतभेद है और खुद को हिंदुओं का खैरख्वाह मानने वाली भाजपा ने भी आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा कभी नहीं की। कई लोगों का मानना है कि 'हिंदुत्व' और 'हिंदू राष्ट्र' एक राजनीतिक अवधारणा है, जो बहुसंख्यकवाद पर आधारित है। अर्थात देश उसी दिशा और सोच से चलेगा, जैसा बहुसंख्यक समाज का भी बहुसंख्यक तबका चाहता है, जिसे ठीक समझता है।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### सरंक्षण या सरकार का शिकंजा?

संदेह है कि प्रस्तावित डेटा संरक्षण कानून से नागरिकों के डेटा का संरक्षण तो नहीं होगा, उलटे सूचना का उनका कानूनी अधिकार जरूर सीमित हो जाएगा। आरटीआई के तहत अब तक मांगी जा सकने वाली कई सूचनाएं अब सार्वजनिक होने से बच जाएंगी। केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में डेटा प्रोटेक्शन बिल को ध्वनि मत से पास करा लिया।

राज्यसभा से भी यह बिल पास हो जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन विधेयक को पारित कराते हुए सरकार ने विपक्ष और इस क्षेत्र के जानकारों की चिंताओं का निवारण करने की कोशिश नहीं की है। जबकि यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि प्रस्तावित कानून से नागरिकों के डेटा का संरक्षण तो नहीं होगा, उलटे सूचना का उनका कानूनी अधिकार जरूर सीमित हो जाएगा। बिल में प्रावधान कर दिया गया है कि सरकारी पदाधिकारियों का डेटा को संरक्षित किया जाएगा। इस तरह आरटीआई के तहत अब तक मांगी जा सकने वाली कई सूचनाएं अब सार्वजनिक होने से बच जाएंगी। दूसरी तरफ बिल में केंद्र सरकार को कई तरह की छूट दी गई है। इसके तहत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, व्यवस्था बनाए रखने जैसे मामलों में डेटा सुरक्षा के नियम पालन के लिए बाध्य नहीं होगी और लोगों की व्यक्तिगत जानकारियों का इस्तेमाल कर सकेगी। उधर ऑनलाइन कंपनियों की मुश्किल भी बढ़ेगी। बिल में कहा गया है कि अगर किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को डेटा सुरक्षा से जुड़े मामले में दो बार सजा सुनाई जाती है, तो इसके बाद सरकार उसे भारत में बैन करने पर भी विचार कर सकती है।

## क्यों खिसक रहे हैं पहाड़, आखिर चेतावनियों के प्रति उदासीनता कब तक

पिछले महीने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में पहाड़ी खिसकने से 26 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि लगभग 80 लोगों का पता नहीं चल पाया। जुलाई, 2021 में इसी जिले में महाड तहसील के तलिये गांव में भीषण भूस्खलन में 87 लोगों की जान चली गई थी। जबकि पिछले साल रत्नागिरी के पेसरे बोद्धवाड़ी में 12, समारा के आंबेकर में 11 तथा मीरगांव में छह मौतें हुईं। राज्य के रत्नागिरी, कर्जत, दाभौल, लोनावाला आदि में पहाड़ सरकने से बहुत नुकसान हुआ।

बीते एक दशक से महाराष्ट्र के बड़े हिस्से में बारिश में भूस्खलन से भारी नुकसान हो रहा है। दूरस्थ अंचलों की तो बात छोड़ें, मुंबई में पिछले साल चेंबूर के भारत नगर में पहाड़ के तराई में स्थित छोटे-छोटे घरों पर एक बड़ी चट्टान खिसक कर गिर पड़ी थी।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 2020 में बताया था कि महाराष्ट्र में 225 गांव ऐसे हैं, जहां कभी भी पहाड़ धसक सकते हैं। इनमें से 23 गांव पुणे जिले में ही हैं। वैज्ञानिकों ने वैसे गांवों के बारे में चेतावनी जारी की, जो एक तो पहाड़ की ढलान पर बसे हैं, दूसरे, पहाड़ किसी पत्थर का न होकर लाल मिटटी का है। 30 जुलाई, 2014 को पुणे जिले के अंबेगांव तहसील के मालिण गांव में यदि बस का ड्राइवर नहीं पहुंचता, तो पता भी नहीं चलता कि कभी वहां बस्ती भी हुआ करती थी। वह गांव एक पहाड़ के नीचे था और बारिश में ऊपर से मलबा गिरने पर पूरा गांव ही दब गया था। पुलिस की



दो साल पहले की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई थी कि समुद्रतटीय क्षेत्र और रत्नागिरी के पहाड़ी इलाके बदलते मौसम के लिए सर्वाधिक संवेदनशील हैं।

जांच से पता चला था कि पहाड़ खिसकने की वजह उस बेजान खड़ी संरचना के प्रति लापरवाही ही थी। वर्षों से उस पहाड़ की अंधाधुंध खुदाई नजदीक बन रही सड़क के लिए हो रही थी, जिससे पहाड़ नीचे से कट गया था। तेज बरसात हुई, तो वह ढह गया।

मालिण गांव की त्रासदी पर वैज्ञानिकों की टीम ने शोध किया, जो कि बाद में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय जर्नल, टेलर ऐंड फ्रांसिस के 2021 के पहले अंक में छपा। उसमें बताया गया कि यह गांव घोड़ नदी की सहायक मौसमी नदी के पास बसा था। गांव वाले पहाड़ी की ढाल पर बरसाती पानी रोककर धान की खेती करते थे। ग्रामीणों ने हरियाली काटकर भी खेत की जमीन बनाई थी। वहां पानी निकलने के रास्ते बंद थे, जिससे लगातार पानी रिसने से पहाड़ की मिट्टी ढीली हो चुकी थी। दुखद यह है कि चेतावनियां, बचाव के उपाय और संवेदनशील गांवों को नई जगह स्थापित करने की योजनाएं तब धरी की धरी रह जाती हैं, जब अचानक किसी रात इरशालवाड़ी जैसे किसी गांव में तबाही होती है।

भारत में 15 प्रतिशत भूभाग भूस्खलन के प्रति संवेदनशील हैं और भूस्खलन से सर्वाधिक प्रभावित हिस्से हिमालय, पश्चिमी घाट, नीलगिरि और विंध्य हैं। जो पर्यटन, धर्म और व्यापार के केंद्र हैं, वहां पहाड़ खिसकने पर उसकी चर्चा देर तक और दूर तक होती है। पर महाराष्ट्र के उन गांवों में, जहां कायदे से पहुंच मार्ग भी नहीं है, तबाही होने पर मुआवजे की खानापूर्ति काफी समझी जाती है।

महाराष्ट्र के जिन इलाकों में भूस्खलन हो रहा है, उनमें से अधिकांश सह्याद्रि पर्वतमाला के करीब हैं। उन सभी स्थानों पर अचानक एक दिन में तीन से चार सौ मिलीमीटर बरसात हो गई। पहाड़ों पर बस्ती बसाने और खेती के लिए वहां बेशुमार पेड़ काटे गए। जब मिट्टी पर पानी की बड़ी बूंदें गिरती हैं, तब ये मिट्टी को काटती हैं, फिर बहती मिट्टी करीबी जल निधि- नदी-जोहड़-तालाब को उथला करती है। इनसे पहाड़ कमजोर होता है।

इन क्षेत्रों में निर्माण कार्य और खनन के लिए ताकतवर विस्फोटों का इस्तेमाल लंबे समय से हो रहा है।

दो साल पहले केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा तैयार पहली जलवायु परिवर्तन मूल्यांकन रिपोर्ट में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि समुद्र के आसपास के क्षेत्र और रत्नागिरी के पहाड़ी इलाके बदलते मौसम के लिए सर्वाधिक संवेदनशील हैं। आज जरूरत है कि नंगी पहाड़ियों पर हरियाली की चादर बिछाई जाए, पहाड़ और नदी के करीब बड़े निर्माण कार्यों से परहेज किया जाए और सड़क, पुल या बांध के लिए इन नैसर्गिक संरचनाओं से छेड़छाड़ न हो।

पंकज चतुर्वेदी

## मिला जुला

**एक नजर**

### कांग्रेस वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने संसद की स्थायी समितियों से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने ने आरोप लगते हुए कहा कि कई महत्वपूर्ण विधेयकों को जानबूझकर स्थायी समिति के पास नहीं भेजा गया. ये विधेयक मेरे दिल के काफी करीब हैं. ऐसे में मेरा अपने पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं रह जाता है. जयराम रमेश ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर लिखा है कि तीन विधेयकों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन से संबंधित संसदीय स्थायी समिति के पास नहीं भेजा गया. इसके साथ ही कहा कि इस स्थिति में मेरे लिए स्थायी समिति के अध्यक्ष पद पर बने रहने का महत्व नहीं रह गया है।

### मेवात हिंसा के दो आरोपियों का एनकाउंटर, हरियाणा पुलिस के एक्शन में पैर में लगी गोली



नूंह। नूंह हिंसा के बाद हरियाणा पुलिस लगातार एक्शन में है. पुलिस ने नूंह हिंसा के दो आरोपियों का एनकाउंटर किया है. इस दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी है. आरोपी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि पुलिस ने दो आरोपियों मुनसैद और सैकूल को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है. एनकाउंटर में सैकुल के पैर में गोली लगी है.

**31 जुलाई को हुई थी हिंसा**

हरियाणा के मेवात-नूंह में 31 जुलाई को बृजमंडल यात्रा निकाली गई थी. इसी दौरान यात्रा पर पथराव हो गया था. देखते ही देखते यह दो समुदायों में हिंसा में बदल गई. सैकड़ों कारों को आग लगा दी गई. साइबर थाने पर भी हमला किया गया. उपद्रवियों ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया था. नूंह के बाद सोहना में भी पथराव और फायरिंग हुई. वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया. इसके बाद हिंसा की आग नूंह से फरीदाबाद-गुरुग्राम तक फैल गई. नूंह हिंसा में दो होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हुई है.

### शायराना अंदाज में ओवैसी का सरकार पर हमला

### कुर्सी है तुम्हारा जनाजा तो नहीं, कुछ नहीं कर सकते तो...

**लोकसभा** में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार पर निशाना साधते हुए मणिपुर और हरियाणा की मौजूदा स्थिति पर इन राज्यों की मुख्यमंत्रियों का इस्तीफा मांगा है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान इस बात की वकालत की कि दोनों राज्यों में हिंसा के लिए वहां के मुख्यमंत्री जिम्मेदार क्यों नहीं हैं और उन्हें अब तक क्यों नहीं हटाया गया है। ओवैसी ने शायराना अंदाज में दोनों मुख्यमंत्रियों पर तंज भी कसा है।



अविश्वास प्रस्ताव के पर अपने भाषण के दौरान ओवैसी ने मणिपुर और हरियाणा के हालातों पर वहां के मुख्यमंत्रियों का इस्तीफा मांगा। ओवैसी ने सरकार से पूछा कि आखिर इन राज्यों के मुख्यमंत्री कर क्या रहे हैं जहां 50 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। लाखों की संख्या में हथियार लूटे जा रहे हैं। ओवैसी ने शायराना अंदाज में कहा, 'कुर्सी है तुम्हारा जनाजा तो नहीं.. कुछ नहीं कर सकते तो उतर क्यों नहीं जाते?'

### भारत की संप्रभुता स्वीकार ली फिर कश्मीर में ऑटोनामी का दावा कैसे?

#### आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल




**नई दिल्ली।** अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम सवाल किया। अगर जम्मू कश्मीर का संविधान इतना महत्वपूर्ण था तो भारतीय संविधान में 1957 के बाद इसका जिक्र क्यों नहीं हुआ? शीर्ष अदालत अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं सुन रही है। याचिकाकर्ता मुजफ्फर इकबाल खान की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने दलील दी कि 1957 वाले राज्य संविधान के तहत मिली ऑटोनॉमी को बिना 'जम्मू कश्मीर के लोगों की इच्छा के' खत्म नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत शामिल हैं। सुब्रमण्यम ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 अनियंत्रित शक्ति का भंडार नहीं, राज्य में संविधान लागू करने का एक माध्यम था। सुब्रमण्यम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर संविधान सभा अनुच्छेद 370 को निरस्त नहीं करना चाहती थी। उसने इसे जारी रखने की अनुमति दी थी।

**अनुच्छेद 370 पर सुनवाई पांचवें दिन का हर अपडेट**

गोपाल सुब्रमण्यम की दलील पर सीजेआई का सवाल

*सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के समक्ष दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद 370 में निर्मित संघवाद को निरस्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर और भारत के बीच संघीय व्यवस्था की रूपरेखा स्थापित की। सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत का संविधान और जम्मू-कश्मीर का संविधान भारत और जम्मू-कश्मीर के बीच संबंधों की सराहना करता है और 'अनुच्छेद 370 के माध्यम से दोनों संविधान एक-दूसरे से बात करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं इस बात पर विचार करने का आग्रह करता हूं कि विधानसभा और संविधान सभा दोनों को हमारे संविधान में मान्यता प्राप्त है। मूल संरचना दोनों संविधानों से ली जाएगी।'*

सुब्रमण्यम ने अनुच्छेद 370 के सीमांत नोट का उल्लेख किया, जिसे 'जम्मू और कश्मीर राज्य के संबंध में अस्थायी प्रावधान' के रूप में पढ़ा जाता है और कहा कि यह कहना गलत होगा कि 370 (3) अस्थायी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा प्रावधान को जारी रखना चाहती थी। उन्होंने कहा कि व्याख्या प्रावधान का उपयोग करते हुए संविधान सभा को विधानसभा के रूप में नहीं पढ़ा जा सकता, क्योंकि यह अनुच्छेद 370 (डी) में एक संशोधन होगा।

इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'हमें ध्यान देना चाहिए कि हालांकि भारतीय संविधान जम्मू और कश्मीर की संविधान सभा की बात करता है, लेकिन यह जम्मू और कश्मीर के संविधान का बिल्कुल भी उल्लेख नहीं करता है।'

### मेघालय- बीएसएफ के जवान पर हाथियों के झुंड का हमला, कॉन्स्टेबल विजय कुमार की मौत

बाघमारा। मेघालय में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां पर हाथियों के झुंड ने सेना के जवानों पर हमला कर दिया। जवान विजय कुमार और उनके साथी बाइक से दक्षिण गारो हिल्स में नीलवाग्रे गांव के पास ड्यूटी के लिए जा रहे थे। यह इलाका भारत और बांग्लादेश के बीच सीमावर्ती क्षेत्र में पड़ता है। यहां जाने के दौरान रास्ते में जंगली और सुनसान इलाका है। दोनों यहीं से गुजर रहे थे, तभी जंगली हाथियों के झुंड ने उनके ऊपर हमला कर दिया। विजय कुमार के दोस्त जान बचाने में कामयाब रहे जबकि विजय कुमार हिंसक हाथियों के हमले का शिकार हुए और उनकी मौत हो गई।

अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम बोले- ये हमारे लिए शुभ

### 2018 में लाए तो हम ज्यादा सीटों से जीते, 2024 में बीजेपी रिकॉर्ड तोड़ेगी



**नई दिल्ली।** संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के तीसरे दिन (गुरुवार, 10 अगस्त) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जवाब दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। देश की जनता ने हमारी सरकार के प्रति बार-बार जो विश्वास जताया है, मैं देश के कोटि-कोटि नागरिकों का आभार व्यक्त करने के लिए उपस्थित हुआ हूं। कहते हैं कि भगवान बहुत दयालु हैं। भगवान की मर्जी होती है कि वो किसी ना किसी के माध्यम से अपनी इच्छा की पूर्ति करता है। मैं भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे इसका प्रस्ताव लेकर आए। 2018 में ईश्वर का आशीर्वाद था कि वे अविश्वास प्रस्ताव लाए थे।

**जनता ने हमारा सामर्थ्य देखकर दो बार मौका दिया**

*किसी भी देश के जीवन में, इतिहास में एक समय ऐसा आता है, जब वो पुरानी बंदिशों को तोड़कर एक नई ऊर्जा और उमंग के साथ, नए सपनों नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए कदम उठा लेता है। 21वीं सदी का ये कालखंड वो है, जो भारत के लिए हर सपने सिद्ध करने का अवसर है। हम सब ऐसे टाइम पीरियड में हैं।*

**विपक्ष को राजनीति में ही रुचि**

*विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरुआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल, आदिवासी बिल, डिजिटल डाटा प्रोटक्शन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए। ये ऐसे बिल थे, जो मछुआरों के हक के लिए थे। सबसे ज्यादा लाभ केरल को होना था। वहां के सांसदों से ज्यादा अपेक्षा थी कि गंभीरता से लेते बिल को। उन पर राजनीति हावी थी। युवाओं के लिए नई दिशा देने वाला बिल था। हिंदुस्तान को साइंस पावर बनाने की दिशा में बढ़ाने वाला बिल था। डिजिटल डाटा प्रोटक्शन बिल युवाओं से जुड़ा हुआ था। आने वाला समय टेक्नोलॉजी ड्रिवन है। लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। गांव, दलित, गरीब, पिछड़ों के लिए बिल थे। इसमें इन्हें कोई रुचि नहीं है।*

# कोरबा जिले के दो ऐसे गांव जहां विकास का नामोनिशान नहीं

** 1985 के बाद गांव में ना सड़क बनी ना बिजली पहुंची और ना ही शिक्षा * 1985 के बाद कई सरकारें बदली लेकिन नहीं दे पाए मूलभूत सुविधाएं*







जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**कोरबा जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पिछड़ी जनजातियों को रखा विकास और शिक्षा से दूर,ग्रामीणों ने लगाई जिला कलेक्टर से लेकर मंत्रालय तक की दौड़, नहीं मिला शिक्षा का अधिकार तब जनपद सदस्य और सरपंच सहित समाजसेवियों ने उठाया बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा, विकास की इन विसंगतियों का जिम्मेदार कौन?**

कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र में बसे बांगो बांध से प्रभावित दो ऐसे गांव जहां 1985 के बाद आज तक ना सड़कें बनी ना बिजली पहुंची और ना ही शिक्षा जैसी मूलभूत बुनियादी सुविधा के लिए स्कूल बनाया गया इन दो गांव के लोग किसी तरह जीवन यापन करते हुए अपने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए गांव में ही एक व्यक्ति के निजी मकान में ग्राम पंचायत व समाजसेवी संस्थाओं की मदद से गांव के युवा लगभग 100 बच्चों की पाठशाला लगाकर उन्हें शिक्षित कर रहे है।

शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधा जिसे ग्रहण कर बच्चे अपना अपने परिवार अपने गांव, राज्य सहित देश का नाम रोशन करते हैं। लेकिन विकास की गाथा पढ़ने वाली सरकारे इस गांव में सड़क, बिजली, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पाई, 1985 से लेकर अभी तक कई सरकारें बदली लेकिन सड़क बिजली और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं देने में सभी सरकारे फेल रही हैं, हां चुनाव के समय वोट लेने के लिए मतदान केंद्र बनाना नहीं भूलते यह हम नहीं वहां के ग्रामीण कहते हैं। कोरबा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही और कर्तव्य हीनता का ऐसा मामला सामने आया है कि जिसे सुनकर हर कोई हैरान हैं पिछड़ी जनजातियों के उत्थान को लेकर सरकारें हर साल हजारों करोड रुपए खर्च कर रही है इसके अलावा डीएमएफ फ ंड से भी हर साल हजारों करोड रुपए मूलभूत सुविधाओं के लिए खर्च किए जा रहे हैं बावजूद इसके जिले के प्रशासनिक अधिकारी पिछड़ी जनजाति के बच्चों को शिक्षा मुहैया कराने में फेल साबित हो रहे हैं और बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। दरअसल कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र में हसदेव मिनीमाता बांगो जल परियोजना नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ की शान कहे जाने वाला बहुउद्देशीय जल परियोजना है इसके निर्माण के लिए जिन पिछड़ी जनजातियों से संबंध रखने वाले ग्रामीणों ने अपनी जमीनों को दिया है आज वे अपने मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं यहां तक कि बच्चों को शिक्षा से भी वंचित होना पड़ रहा है कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में आने वाली ग्रामपंचायत गिदमुढी के आश्रित ग्राम खोट खोरी और ग्राम पंचायत साखो के रनई पहाड़ में 6 से 14 वर्ष के बच्चों की संख्या 50 और 49 है लेकिन दोनों ही गांव में प्राथमिक शाला नहीं होने के चलते बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं वही अगर बच्चे पढ़ना भी चाहे तो उन्हें गांव से चार.पांच किलोमीटर दूर ठुर्रिआमा प्राथमिक स्कूल जाना पड़ता है जो घने जंगलों पहाड़ों से होकर जंगली जानवरों के बीच असुरक्षित रास्ते से होकर जाना पड़ता है जिसके चलते छोटे बच्चे प्राथमिक शाला की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं और ना ही आगे की पढ़ाई कर पा रहे हैं कुछ बच्चे रिश्तेदारों के यहां रह कर पढ़ रहे हैं शिकायत करने आए जनपद सदस्य सरपंच व ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ही गांव के लगभग 100 बच्चे 6 से 14 वर्ष की उम्र के हैं जो अभी पढ़ने की उम्र में है उनकी पढ़ाई की सरकारी व्यवस्था नहीं हो पा रही है।



ग्राम पंचायत साखो के आश्रित ग्राम रनई पहाड़ पंचायत में तो लगभग 50 बच्चों को सरपंच जनपद सदस्य व स्थानीय पुलिस के सहयोग से वार्ड पंच के मकान में स्कूल खोला जा रहा है जिसमें 2 शिक्षकों के मानदेय को भी सहयोग से दिया जा रहा है वही बच्चों की ड्रेस कॉपी पुस्तक भी चंदा करके दिया गया है ताकि उनको स्कूल जैसी परिस्थिति का आभास हो 1 दिन सभी के सहयोग से भोजन भी बच्चों को दिया जाता है लेकिन ग्रामपंचायत गिदमुढी के आश्रित ग्राम खोट खोरी के 6 से 14 वर्ष के 50 बच्चों के लिए अभी भी शिक्षा व्यवस्था नहीं हो पाई है। दोनों ग्राम पंचायतों में प्राथमिक शाला भवन और शिक्षकों की मांग करने आए ग्रामीणों ने बताया कि सन् 1985 से हरदेव मिनीमाता बांगो डैम में जमीन चले जाने के बाद विस्थापित हजारों परिवार ने लगातार गांव में स्कूल बिजली और सड़क की मांग की है और करते आ रहे हैं जिले में पदस्थ हर कलेक्टर के पास भी वह गुहार लगाने पहुंचे हैं इस क्षेत्र से निर्वाचित रहे विधायकों और सांसदों से भी मांग की गई लेकिन आज पर्यंत तक उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं हो पाई है और ना ही किसी तरह की मूलभूत की सुविधाएं दी नहीं गई है।

वोट लेने बनाए जाते हैं पोलिंग बूथ, मूलभूत सुविधा देने भूल जाते हैं अधिकारी और नेता

इन विशेष पिछड़ी जनजातियों से संबंध रखने वाले दो ग्राम पंचायतों के आस्रित हजारों ग्रामीणों ने यहां चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर सांसद विधायक और सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है क्योंकि यहां सभा और लोकसभा चुनाव में बाकायदा पोलिंग बूथ भी स्थापित किया जाता है जिसका नाम प्राथमिक पाठशाला है जो पोलिंग बूथ खोर खोटी क्रमांक 413 है यह पोलिंग बूथ एरीकेशन विभाग द्वारा पूर्व में मछली बेचने के लिए बनाए गए भवन में स्थापित किया जाता है। बकायदा यहां निर्वाचन ड्यूटी भी लगाई जाती है लेकिन आज पर्यंत तक यहां स्कूल के लिए एक प्राथमिक शाला नहीं खोला जा सका जिसके चलते हजारों बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं सड़के नहीं होने से आवा गमन ने भी सुविधा है बिजली की समस्या से निजात दिलाने सोलर पैनल लगाए गए हैं जो कभी.कभार जगमगाते हैं मामले में ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारियों से लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री तक गुहार लगाई है और विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने की घोषणा भी कर चुके है बावजूद इसके इनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है और बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। सालों-सालों से विकास की झूठी रिपोर्ट देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों कि इतनी बड़ी लापरवाही से आज यह क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और वही हजारों बच्चे शिक्षा के अधिकार से भी वंचित हो रहे हैं इसका जिम्मेदार आखिर कौन? क्या इन प्रशासनिक अधिकारियों पर सरकार कार्यवाही करेगी। फि लहाल विकास की इस विसंगति पर जिले के कोई भी प्रशासनिक अधिकारी कैमरे के सामने बोलने को राजी नहीं है और ना ही पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने इस मामले पर कुछ बोलना मुनासिब नहीं समझा।

## एक नजर

### कैरियर गाइडेंस के साथ मतदाता जागरूकता पर होगा युवा संवाद

स्वीप नोडल जितेन्दर यादव (आईएएस) कैरियर गाईडेंस सेमीनार के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में युवाओं से करेंगे संवाद

11 अगस्त को 3 बजे से जिला ग्रंथालय में होगा सेशन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 11 अगस्त को अपरान्ह 03 बजे से जिले में सीईओ जिला पंचायत के पद पदस्थ आईएएस एवं स्वीप नोडल अधिकारी जितेन्दर यादव छात्रों को उनके कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन देंगे। साथ ही मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में युवाओं से संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके।

### जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में मनाया गया कृमि मुक्ति दिवस





**दंतेवाड़ा** । संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के मार्गदर्शन में आज जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत एक से 19 वर्ष के बच्चों को और किशोर को क्रिमिनल नियंत्रण की दवाई स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में निर्धारित खुराक के अनुसार आज उपलब्ध कराई गई है। जिले में लगभग 113000 बच्चे एवं किशोरों को कृमि नाशक दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है इस दौरान यदि किसी कारणवश बच्चे साला में या आंगनबाड़ी में अनुपस्थित हुए हैं तो उन्हें पुनः 17 अगस्त 2023 को माप अप राउंड के दौरान कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। यह अभियान जिले के समस्त शासकीय विद्यालय आंगनबाड़ी एवं निजी विद्यालय तथा अनुदान प्राप्त शासकीय विद्यालय में संचालित किया जाएगा।



## प्रकृति के अनन्य उपासक हैं आर्दिवासी समाज : रंजना साहू

विश्व आदिवासी दिवस पर विधायक का किया गया कुरमातराई आदिवासी समाज द्वारा भव्य स्वागत

**धमतरी** । पूरे विश्व में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है, इस पावन अवसर पर ग्राम कुरमातराई में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहे, विधायक का स्वागत जोर शोर से समस्त आदिवासी समाज के द्वारा तिलक लगाकर किया गया, तदुपरांत विधायक ने आदिवासी समाज के लिए किचन शेड निर्माण की स्वीकृति देते हुए उनका भूमि पूजन किया गया। समस्त अतिथियों का स्वागत आदिवासी समाज के द्वारा किया गया। विधायक रंजना साहू ने कहा कि प्रकृति के अनन्य उपासक हैं आदिवासी समाज, आदिवासी समुदाय की भाषा, संस्कृति, परंपरा एवं इतिहास के संरक्षण और उनके विकास के लिए सभी संकल्पबद्ध हैं। हमारे आदिवासी समाज के लोग प्राचीन समय से ही संस्कृति एवं प्रकृति के रक्षक रहे हैं। हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी बाहुल्य प्रदेश जिसकी जनजातीय कला एवं संस्कृति अनमोल है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि देश के यशस्ती प्रधानमंत्री जी ने आदिवासियों की प्राचीनतम विरासत और संस्कृति को सहेजते हुए उनके उत्थान के लिए संकल्पित भाव से काम कर रही है।

## कांगेर घाटी उड़नदस्ता के द्वारा पकड़ा गया बास्ता

**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के उड़नदस्ता दल द्वारा सघन गश्ती कार्य के तहत कोलेंग साप्ताहिक बाजार में बस्तर वन मंडल कोलेंग के कर्मचारियों के सहयोग से गश्ती कर बाजार के आसपास करील (बास्ता) जब्त किया गया। जगदलपुर से गये छोटे व्यापारी (कोचनीन) के द्वारा खरीदी कर शहरी क्षेत्र में बेचने का प्रयास किया जा रहा था। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा लगातार गश्ती कर जंगल एवं वन्य प्राणियों के सुरक्षा के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कुछ शहरी कोचियों के लालच में आकर ग्रामीण जंगल क्षेत्र से बास्ता (बांस का करील) काटकर बाजार में बेचने का प्रयास करते हैं। इससे जंगल में बांस वनों की वृद्धि होने में बाधा उत्पन्न होती है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक श्री धम्मशील गणवीर ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल से बास्ता तोड़कर बाजार या शहर में बेचने वाले कोचियो की सूचना वन विभाग या संबधित ग्राम इको विकास समिति को दे ताकि बांस के वनों का संरक्षण और संवर्धन हो सके और भविष्य की पीढ़ी को इसका फायदा मिल सके। इस पूरी कार्यवाही में उड़नदस्ता दल प्रभारी श्री के आर कश्यप एवं उनके दल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।





# अपने समाज आगे बढ़ाएं और गर्व से कहें कि हम आदिवासी हैं-नूपुर

** सर्व आदिवासी समाज ने किया भव्य आयोजन, निकली महारैली * आदिवासी समाज की परंपराओं और नृत्यों की दिखी झलक, किया आकर्षित*

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर स्थानीय दीनदयाल स्टेडियम बाजार ग्राउंड में सर्व आदिवासी समाज के द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कर्मा जैसे कई पारंपरिक नृत्यों के साथ अपनी परंपराओं को प्रदर्शित कर आदिवासी समुदाय के बंधुओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना मौजूद रही।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम आदिवासी किसी से पीछे नहीं हैं। हम सभी को आगे आकर एक जूता का परिचय देते हुए अपने आप को मजबूत बनाकर आगे बढ़ने का प्रयास करना है। अपने समाज को आर्थिक रूप से मदद करते हुए हमें हमेशा हर कार्यों में अग्रणी रहकर अपने समाज का मन बढ़ाना है और हमेशा गर्व महसूस करना है कि हम सभी आदिवासी हैं। कभी आदिवासी होने पर हमें अपनी पहचान छुपानी नहीं चाहिए बल्कि हमें पूरे गर्व के साथ कहना चाहिए कि हम आदिवासी हैं। कलेक्टर ने आगे कहा कि इस भव्य आयोजन की जो परंपरा की शुरुआत हुई है उसे निरंतर जारी रखना होगा यही एक माध्यम होता है जिसमें हमारा समाज एकजुट होता है और हमें यह कोशिश करनी है कि सर्व आदिवासी एक साथ सामने आए और हमें जो गुट हुए हैं उनको एक करें ताकि हम एकजुट रहें और हमें किसी भी प्रकार से कमजोर महसूस न होने दिया जाए। शासन-प्रशासन बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन कर रही है जो सिर्फ आदिवासियों के लिए होती है उसका हम सभी को बढ़.चढ़कर लाभ लेना चाहिए। आदिवासी समाज का युवा भी आगे बढ़ सकता है महिलाएं भी आगे बढ़ सकती हैं बशर्ते उन्हें अपने मनोबल को ऊंचा रखना है और हमारे समाज में हमेशा अग्रणी रहकर कार्य करना है ताकि हम पूरे विश्व में आदिवासी समुदाय को प्रथम पंक्ति में रख सकें। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह ने भी कहा कि इस प्रकार के भव्य आयोजन में मंच पर आकर मैं काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सक्ती में इस भव्य आयोजन से इस बात का एहसास कराया है कि यहां आदिवासियों की भी एक गौरवशाली परंपरा है। इसके लिए आयोजन समिति को ढेर सारी शुभकामनाएं। आदिवासियों के रास्ते बहुत कठिन होते हैं उनके जीवन में बहुत से संघर्ष होते हैं और इन सभी संघर्षों को पार कर हमें आगे बढ़ना है। आज राजनीतिक क्षेत्र हो या प्रशासनिक क्षेत्र हो या अन्य कोई भी क्षेत्र हो वहां आदिवासी बहुत संघर्ष कर पहुंचता है। हमें और भी बहुत सुधार करने हैं। हमें गर्व से अपनी संस्कृति अपनी परंपरा को सभी के समक्ष रखना चाहिए और हमें आदिवासी होने पर गर्व का अहसास होना चाहिए। इस गौरवशाली कार्यक्रम में विपुल होरो, विधायक रामकुमार यादव, केशव चंद्रा, जागेश्वर सिंह सिदार, संजय सिंह भी मंचस्थ रहे।




### हमें एकजुट होकर बनाना है समाज को अग्रणी-विद्या

अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा की राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष एवं सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग की जिलाध्यक्ष विद्या सिदार ने मंचीय संबोधन में कहा कि सर्व आदिवासी एक समान है। हमें एकजुट होकर कार्य करना है और समाज को आगे बढ़ाना है। हमारी पुरखों ने जो हमारी परंपराओं को सहेजा है हमें उस विरासत को आगे बढ़ाना है। हमारे समाज के युवा छात्र-छात्रा आगे बढ़े इसके लिए हमें बढ़.चढ़ कर पहल करनी है और हमारा समाज हमेशा अग्रणी रहे इसके लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में समाज के होनहार छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। साथ ही सीजीपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाले समाज के सफ ल प्रतियोगियों को भी सम्मानित किया गया। समाज को विशेष रूप से सहयोग करने वालों को भी सम्मानित किया गया है। समाज को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त बंधुओं का भी आभार व्यक्त किया गया।

### नृत्य करते पहुंची कलेक्टर नुपुर

बाजार ग्राउंड में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के भव्य कार्यक्रम में आदिवासी परंपराओं के अनुसार नृत्य करते हुए मंच तक पहुंची। उनके साथ विद्या सिदार भी शामिल हुई साथ ही समाज के अन्य महिलाओं ने भी एक साथ थिरकते हुए उन्हें मंच तक लाया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों एवं छात्रावासों की आदिवासी छात्राओं एवं छात्रों ने भी मंची प्रस्तुतियां देकर खासा समां बांधा। आयोजक सर्व आदिवासी समाज के द्वारा पूरे जिले से आने वाले बंधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की थी। भक्ति महारैली का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में समाज के बंधु पूरे जिले से शामिल हुए। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के सरवन सिदार, जगेश्वर सिंह राज, आशाराम सिदार, नारायण सिदार, शिव कंवर, सतीश नेताम नीलमणि जगत का सरहनीय योगदान रहा। कंवर समाज के भवन सिंह राम सिंह फुल साय पैंकरा, उरांव समाज के बुधराम उरांव, धनुवर समाज के कन्हैया धनुवार, सांवरा समाज के लक्ष्मण सिंह, खैरवार समाज से समारू राम खैरवार कैलाश खैरवार, सांवरिया समाज से अंक सांवरिया, भैना समाज से फि रत राम, नगेसिया समाज से रामसाय, राठिया समाज से मदन सिंह, कोरवा समाज से राजकुमार, मुंडा समाज से रमेश चंद्र मुंडा, राज्य भौवार समाज से उदित नारायण मैत्री, धनेश्वर सिंह मैत्री मौजूद रहे।

विजय पोर्ते,मालती सिदार, ममता उरांव,उषा कंवर, मीरा,अनीता,कीर्तन, कृष्णा,सरिता,अलका,भुवन सिंह राम सिंह, गणपत, लीलाधर, बजरंग, धरम, रेशम, देवेंद्र,शिव,भास्कर, मथुरा, मिंटू, प्रेम, सतीश, प्रभात मंगल,त्रिभुवन सिंह, भूषण,सुभाषिनी सहित समाज के सभापति ग्राम मेंबर एवं समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# स्वीप 700 से अधिक औद्योगिक कर्मियों ने लिया मतदान का संकल्प

## उद्योगों में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में हो रही नई पहल, बना रहे इंडस्ट्रियल कैप्टन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

आगामी विधानसभा निर्वाचन–2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में औद्योगिक क्षेत्र के जेएसपीएल परिसर पतरापाली रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां 700 से अधिक औद्योगिक कर्मियों ने शत–प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प पत्र भरा और मतदान की शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा द्वारा गत निर्वाचन में हुई वोटिंग की समीक्षा की गई थी। जिसमें पाया गया कि औद्योगिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुए थे। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने इन क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने स्वीप कार्यक्रम की कार्ययोजना बना कर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत आज जेएसपीएल में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में आने वाले दिनों में अन्य इकाइयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त विकास सरोदे, नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग शिवकुमार राठौर, उप संचालक औद्योगिक सुरक्षा मनीष श्रीवास्तव एवं स्वीप टीम उपस्थित रही।





### * जेएसपीएल में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मतदान की ली शपथ



### इंडस्ट्रियल कैप्टन करेंगे प्रोत्साहित, औद्योगिक कर्मियों की सहभागिता बढ़ाने जिले में नई पहल

आगामी निर्वाचन के मद्देनजर उद्योग कर्मियों की मतदान में सहभगिता बढ़ाने, उन्हें जागरूक करने एवं मतदान से जुड़ी जरूरी जानकारी प्रदान करने हेतु औद्योगिक इकाइयों में इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया जा रहा है। जो उस इकाई के वरिष्ठ अधिकारी होंगे। आज जेएसपीएल में हुए कार्यक्रम में जनरल मैनेजर एचआर सुधीर राय को इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया गया।

### ईवीएम एवं वीवीपीएटी का हुआ प्रदर्शन

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जेएसपीएल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन की टीम एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा उद्योग कर्मियों को मतदान से जुड़ी सभी जानकारियां दी गई। साथ ही ईवीएम मशीन एवं वीवीपीएटी मशीन के माध्यम से वोट किस तरह डालते हैं इसका प्रदर्शन करके बताया गया। उपस्थित कर्मियों ने भी उक्त मशीन के माध्यम से वोटिंग के तरीके को अपनाया।

## एक नजर

### लैलूंगा विधानसभा में संभावित दावेदार हो सकते हैं- जागेश सिंह

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।



रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा में भी भाजपा के दावेदारों की संख्या भरमार है। इस बीच भाजपा जिसके ऊपर दाव लगेगा वह लैलूंगा का विधानसभा चुनाव में विजय हो सकता है। जिला पंचायत से लगातार अपने कार्यो का पूर्णतः निर्वहन कर रहे जागेश सिदार का नाम बच्चा बच्चा के जुबान में आ रहा है। अनेको सर्वे में नाम प्रमुखता के रूप में स्थापित हो रही है। वरिष्ठ को छोड़ भाजपा जमीनी स्तरीय के कार्यकर्ताओं के ऊपर भी अपना दाव खेल सकती है। चाहे वह जगेश सिदार क्यों न हो। पार्टी के लिए लगातार समर्पित होकर हर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान जागेश ने दिया। लैलूंगा विधानसभा के अनेको विकास कार्यो के मुद्दे को लेकर जागेश ने आवाज उठाई। जिले में पहली बार अर्न्तराष्ट्रीय भागवत कथा वाचक जया किशोरी के आयोजन के भी मुख्य जागेश सिंह रहे हैं। भाजपा द्वारा जागेश को अनदेखा करना यह नुकसान के घेरे में हो सकता है। चुकी भाजपा एक अंतरराष्ट्रीय और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते जागेश की दावेदारी को प्रत्याशी के रूप में बदलना यह कोई बड़ी बात नहीं होगी। जागेश सिंह भाजपा को लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र से जीत निश्चित दिला सकते है। सूत्रों की माने तो जागेश का नाम समस्त सर्वे में प्रबल है। लैलूंगा को जीत दिलाने युवा को आगे बढ़ने जगेश के ऊपर पार्टी संभावित लगा सकती है दाव।

### बैडमिंटन हाल में प्रशिक्षक चयन हेतु साक्षात्कार 18 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

भारतीय खेल प्राधिकरण (एसआईए)भोपाल म.प्र.द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय किया गया है। उक्त खेलों इण्डिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हेतु प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक की नियुक्ति हेतु 18 अगस्त 2023 को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक साक्षात्कार आयोजित की जाएगी। पूर्व में इसके लिए साक्षात्कार 4 अगस्त को आयोजित थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया। इच्छुक अभ्यर्थी अब 18 अगस्त 2023 दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त उपलब्धि प्रमाण–पत्र सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। आवश्यकतानुसार बैडमिंटन खेल के कौशल परीक्षण, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य जानकारी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण, जिला–रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### कृषि विभाग अंतर्गत डब्ल्यूडीटी के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

दावा–आपत्ति हेतु आवेदकों से 17 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

कार्यालय उपसंचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कृषि विभाग कोरबा अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। जिसके अंतर्गत डब्ल्यूडीटी सदस्य यांत्रिकी के कुल 1 पद एवं डब्ल्यूडीटी सदस्य–आजीविका के कुल 1 पद शामिल हैं। उपसंचालक कृषि ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त आवेदनों के प्रथम स्क्रूटनी पश्चात पात्र–अपात्र आवेदन पत्रों की सूची जारी की गई है, जिसे जिले के वेबसाइट में अवलोकन हेतु अपलोड किया गया है। उन्होंने बताया कि जारी पात्र–अपात्र सूची के संबंध मे आवेदनकर्ताओं से 17 अगस्त तक दावा–आपत्ति मंगाया गया है। जारी सूची में आपत्ति होने की स्थिति में आवेदक अपना दावा–आपत्ति 17 अगस्त 2023 शाम 5 बजे तक कार्यालय उप संचालक कृषि विभाग मे स्वयं उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा–आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

### बी आर सी प्रशिक्षण हाल में दिव्यांगता आंकलन शिविर का आयोजन

**नगरी** । विकासखंड श्रोत समन्वयक कार्यालय नगरी में दिव्यांग बच्चों का आंकलन शिविर आयोजन किया गया है।समावेशी दिव्यांग बच्चों का आंकलन शिविर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष 2023 /24 में कक्षा एक से बारहवीं तक के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग विद्यार्थियों का एक दिवसीय शिविर दिनांक 11 /8/2023 शुक्रवार को 10 बजे से बी आर सी प्रशिक्षण हाल नगरी में रखा गया है।

# रायगढ़ तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

* सभी प्रकरण ई कोर्ट में किए जाएं दर्ज–कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज रायगढ़ तहसील कार्यालय के औचक निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिन्हा ने तहसील कार्यालय पहुंचकर यहां तहसील कोर्ट में चल रहे मामलों की नश्तियों की जांच की। अविवादित नामांतरण/बंटवारा के प्रकरणों से जुड़े दस्तावेजों का अवलोकन किया। कलेक्टर सिन्हा ने प्रकरण को ऑनलाइन दर्ज कर उस पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। समय से पटवारी प्रतिवेदन लेकर मामले को समय–सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। जिससे आवेदक को अनावश्यक परेशानी न हो। कलेक्टर सिन्हा ने सीमांकन से जुड़े प्रकरणों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कई प्रकरण समय से ई–कोर्ट में दर्ज नहीं होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

* राजस्व मामलों से जुड़े प्रकरणों का किया अवलोकन, लंबे समय से पेंडिंग मामलों के जल्द निराकरण के दिए निर्देश
* दस्तावेजों के व्यवस्थित रख-रखाव के लिए किया निर्देशित
* मौके पर पटवारी की हुई शिकायत, पक्षकार ने कहा प्रतिवेदन देने में कर रहे विलंब, कलेक्टर ने जांच के दिए निर्देश

उन्होंने प्रकरणों को आवेदन प्राप्त होने पर ई–कोर्ट में दर्ज कर उस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कार्यालयीन दस्तावेजों के व्यवस्थित रख–रखाव के लिए कहा। गौरतलब है कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर हर गुरुवार को प्रत्येक तहसील में सभी राजस्व अमले को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। जिससे यहां पक्षकारों को एक ही स्थान पर सारे अधिकारी कर्मचारी मिलें और उनका कार्य आसानी से हो सके। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, रीडर टू कलेक्टर सत्येन्द्र मेहर सहित रायगढ़ तहसील कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।



### मौके पर हुई शिकायत, जांच के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अपना काम लेकर आए पक्षकारों ने कलेक्टर सिन्हा से मिलकर अपनी बात रखी। एक पक्षकार ने बंटवारा के प्रकरण में पटवारी द्वारा अनावश्यक रूप से प्रतिवेदन देने में देरी करने की शिकायत की। कलेक्टर सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

# विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों हेतु विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।





जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों हेतु विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रायगढ़ एवं तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़, घरघोड़ा, बिलाईगढ़, भटगांव, खरसिया एवं सारंगढ़ में किया गया। इस अवसर पर जिला एवं तहसील स्तर पर पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा रैली निकाली गई। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार कोशले ने बताया कि शिविर में आदिवासी अनुसूचित जाति व जनजाति महिलाओं एवं पुरूषों को मिलने वाली सहायता तथा उनके विधिक अधिकारों, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उन्हें दिए जाने वाली सहायता को विस्तार से बताया गया। विशेष न्यायालय का गठन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के उत्पीड़न के अपराधों की सुनवाई हेतु सरकार द्वारा विशेष सत्र न्यायालय का गठन किया गया है। ऐसे अपराध की शिकायत थाने में या सीधे न्यायालय में की जा सकती है। शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीड़न रोकने कानून बनाया गया है। छुआछुत एवं अन्य घिनौने कृत्य देखे जाते थे। भारत के संविधान में इन कृत्यों को अपराध की श्रेणी में लेकर उनके निवारण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न एवं छुआछुत निवारण, अधिनियम 1989 का सृजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी।

### विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर निकाली गई विधिक जागरूकता रैली

**कोरबा** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के के निर्देशन में जिला सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री डी.एल. कटकवार के मार्गदर्शन में ''विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर आदिवासियों के कल्याण से संबंधित जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के ए.डी.आर. भवन से प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल अपर सत्र न्यायाधीश एफटी.सी. कोरबा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर छात्र–छात्राओं को रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष श्री संजय कुमार जायसवाल, अपर सत्र न्यायाधीश श्री विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, श्री मंजीत जांगडे एवं श्रीमती शीतल निकुंज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, शासकीय हायर सेकेण्ड्री विद्यालय पी.डब्ल्यू.डी. के प्रभारी प्राचार्य श्री एन.के.राजवाड़े, श्रीमती गणेशी सोनकर, आर0के0 गबेल, एन0के0 कश्यप, के0सी0 कुर्रे, श्री बी0के0 पाण्डेय, श्रीमती विभा शुक्ला, संस्कार भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक डिंगापुर के शिक्षकगण, श्री दिनेश टेंगनवार, अध्यक्ष कर्मचारी संघ कोरबा एवं समस्त कर्मचारीगण जिला न्यायालय कोरबा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पैरालीगल वॉलीण्टियर्स श्री सतीश यादव, अहमद खान एवं श्री आर.एन. दुबे उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

* महापौर जानकी काटजू ने बच्चों को खिलायी एल्बेंडाजॉल की गोली

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



महापौर जानकी काटजू ने आज कैलाश नाथ काटजू प्राथमिक शाला में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद ईश कृपा तिर्की भी उपस्थित रही। महापौर जानकी काटजू ने कहा कि कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह दवाई सभी बच्चों को देना आवश्यक है। कृमि नियंत्रण की दवाई कृमि संक्रमण की रोकथाम करती है।

कृमि मुक्ति दिवस के दिन बच्चों को दवा सेवन अवश्य कराया जाना चाहिए जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तरए बौद्धिक विकास, एनीमिया के रोकथाम में सुधार हो सके। सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, प्राप्त निजी स्कुलों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर/किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेण्डाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन कराया गया है तथा मॉप–अप दिवस 17 अगस्त 2023 को किया जाना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी ने बताया कि रायगढ़ जिले हेतु 449588 बच्चों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत बच्चों को दवा सेवन कराया जाना है।

जिसमें 1 से 2 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की आधी गोली चूरा/पीस करके पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाई जानी है। 2 से 3 वर्ष बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की एक पूरी गोली चूरा/पीस करके पानी के साथ सेवन कराना है। 3 से 5 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की एक पूरी गोली चबा करके पानी के साथ तथा 5 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को एक एल्बेंडाजॉल की पूरी गोली चबा कर खिलाना है। इस दौरान स्कूल के प्रभारी प्रचार्य नरेन्द्र पटेल, रामभांठा में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. काकोली पटनायक सहित उपस्थित रहे।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने फसल बीमा हेतु प्रचार वाहन को किया रवाना

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु किसान 16 अगस्त तक भर सकते हैं फॉर्म

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई 2023 तक खरीफ फसल का बीमा करा सकते थे, जिसके तारीख में वृद्धि की गई है, अब फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 है। इसी तारतम्य में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, लोक सेवा केन्द्र, एआईडीई मोबाईल एप्प के माध्यम से फसलों का बीमा करा सकते हैं। संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल सोयाबीन, अरहर, रागी का बीमा करा सकते है। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू–धारक व बटाईदार हो, सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो, योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी किसान योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इसके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## पुष्पा 2 से फहद फासिल की पहली झलक जारी, दिखा धांसू अवतार



सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा: द राइज की आपार सफलता के बाद से ही प्रशंसक फिल्म की अगली किस्त पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह भारतीय सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब निर्माताओं ने पुष्पा 2 से अभिनेता फहद फासिल का पहला लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं।पुष्पा 2 में फासिल एसपी शेखावत की भूमिका को दोहराएंगे। पुष्पा में आखिरी सीन में फहाद और अल्लू अर्जुन (पुष्पा राज) को आमने-सामने देखा गया था। भंवर सिंह की आंखों में भड़क रही ज्वाला साफ दिख रही थी। उस समय तो वो कुछ नहीं कर पाया, लेकिन अब पुष्पा 2 में बदला लेने के लिए वो पूरी तरह तैयार हैं।



## कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने को तैयार

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश दक्षिण भारतीय सिनेमा का जाना-माना नाम हैं। वह कई फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। साउथ में अपना जलवा बिखेरने के बाद अब कीर्ति बॉलीवुड में अपना सिक्क ा जमाने को तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म साइन कर ली है और और खास बात यह है कि इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति, वरुण के साथ बॉलीवुड में पदार्पण कर रही हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसका निर्देशन कलीस कर रहे हैं, जो तमिल सिनेमा में बेहद लोकप्रिय हैं। कीर्ति बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की राह देख रही थीं। अब यह तलाश उनकी आखिरकार इस फिल्म पर आकर खत्म हुई है। कीर्ति यह फिल्म साइन कर चुकी हैं। फिल्म के लिए दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। निर्माताओं ने नवंबर तक शूट पूरा करने की योजना बनाई है और 31 मई, 2024 तक इसे दर्शकों के बीच लाने की तैयारी है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जो एक साथ कई भाषाओं में रिलीज होगी। सूत्रों की मानें तो फिल्म की कहानी से लेकर, किरदार और एक्शन तक लाजवाब होगा। फिल्म का निर्माण एटली कुमार के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले हो रहा है, वहीं मुराद खेतानी इसके सह-निर्माता हैं। वरुण फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये थलापति विजय की हिट फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है। इसके निर्देशक एटली ही थे। एटली फिलहाल शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान पर लगे हुए हैं। इसका काम निपटाने के बाद वह नई फिल्म शुरू करेंगे।

## ब्रालेट टॉप पहनकर केट शर्मा ने शेयर किया अब तक का सबसे बोल्ड अवतार

### तस्वीरों ने गरमाया इंटरनेट का पारा

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टनिंग लुक्स से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कर हर बार इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में केट शर्मा ने अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनके सेक्सी मूव्स थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। केट शर्मा ने अपनी इन तस्वीरों में बेहद ही ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए फैंस को अपनी ओर रिझाना शुरू कर दिया है। व्हाइट कलर का ब्रालेट टॉप पहनकर साथ ही मिनिमल मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में केट शर्मा अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। उनकी या लुक फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। केट शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी हर एक पोस्ट का फैंस को भी बेसब्री से इंतजार रहता है।



## शाहिद कपूर और अनीस बज्मी की एक्शन-कॉमेडी फिल्म को मिला नाम, दोहरी भूमिका में दिखेंगे अभिनेता



शाहिद कपूर के अनीस बज्मी की एक्शन-कॉमेडी का हिस्सा बनने की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं। कहा जा रहा था कि फिल्म में शाहिद रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे तो अगले महीने से इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। यह फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन में है, जिसके लिए निर्देशक एक ऐसे नाम की तलाश में थे जो इसकी कहानी के लिए एकदम सही हो। अब खबर आ रही है कि निर्देशक को इसका नाम मिल गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद और अनीस को आखिरकार अपनी पसंद का एक शीर्षक मिल गया है। सूत्र बताते हैं कि उनकी इस फिल्म को एक साथ दो दो नाम दिया गया है। सूत्र के मुताबिक, अनीस ने यह नाम फिल्म में शाहिद की दोहरी भूमिका को दर्शाने के लिए तय किया है। इस नाम को 1.7.22 के रूप में भी पढ़ा जा सकता है। कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी में तारीख का बहुत महत्व होगा।


फिल्म की शूटिंग अगस्त के पहले हफ्ते में एक राजस्थानी हवेली होगी, जिसके लिए विशेष रूप से एक सेट डिजाइन किया गया है। कहा जा रहा है कि इस शेड्यूल में अभिनेता के कुछ इमोशनल सीन्स को फिल्माया जाना है। सूत्र के अनुसार, फिल्म का एक हिस्सा राजस्थानी गांव पर आधारित है इसलिए मानसून के बाद टीम राजस्थान शूटिंग के लिए जाएगी। इसके अलावा रश्मिका फिल्म के दूसरे शेड्यूल के बाद यूनिट में शामिल होंगी।

## धनुष ने किया अपनी 51वीं फिल्म का ऐलान, पहला पोस्टर भी आया सामने




दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धनुष ने अपनी नई पैन इंडिया फिल्म डी51 का ऐलान कर दिया है। फिलहाल फिल्म के शीर्षक का ऐलान नहीं किया गया है। डी51 का निर्देशक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शेखर कम्मुला द्वारा किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए शेखर और धनुष पहली बार साथ काम करने के लिए तैयार है। सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव डी51 के निर्माता हैं। धनुष की डी51 का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी सहित तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। डी51 की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। इसके अलावा तमिल सुपरस्टार धनुष की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह बहुत जल्द तमिल फिल्म कैप्टन मिलर में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे।

## वाणी कपूर के साथ जमेगी राजकुमार राव की जोड़ी, लेकर आ रहे फिल्म बचपन का प्यार



अभिनेता राजकुमार राव अपने करियर में सोनम कपूर से लेकर श्रद्धा कपूर, कृति सैनन और भूमि पेडनेकर जैसी कई अभिनेत्रियों के साथ काम कर चुके हैं और अब उन्हें एक नई जोड़ीदार मिल गई है।दरअसल, राजकुमार एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है बचपन का प्यार। इस फिल्म में पहली बार उनकी जोड़ी अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ बनने जा रही है।दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुभव सिन्हा एक छोटे शहर की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म बचपन का प्यार बना रहे हैं। इसमें राजकुमार और वाणी मुख्य भूमिका में होंगे।यह लखनऊ की पृष्ठभूमि पर आधारित एक अनोखी प्रेम कहानी है, जिसका निर्देशन अपूर्वा धर बडगइयां करेंगे, जिन्होंने इससे पहले जितेंद्र कुमार अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म चमन बहार का निर्देशन किया था।राजकुमार और वाणी दोनों ने फिल्म साइन कर ली है और अगले महीने वे इसकी शूटिंग शुरू करेंगे।

सिन्हा इस फिल्म के जरिए पहली बार वाणी के साथ काम कर रहे हैं, वहीं राजकुमार संग यह उनकी तीसरी फिल्म होगी।पिछली बार दोनों फिल्म भीड़ के लिए साथ आए थे। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। रिलीज से पहले यह फिल्म काफी विवादों में भी रही थी।दोनों एक एंथोलॉजी सीरीज भी लेकर आ रहे हैं और इसकी रिलीज से पहले ही उनकी अगली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां भी सामने आ गई हैं।

# खेल



पृथ्वी शॉ का दोहरा शतक

244 रन | 153 बॉल | 4/6: 28/ 11 | 159.47 स्ट्राइक रेट

## पृथ्वी शॉ ने इंग्लैंड के वनडे कप में रचा इतिहास

### 244 रन की पारी खेली, टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

भारत के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने बुधवार को नॉर्थम्प्टन काउंटी ग्राउंड में समरसेट के खिलाफ वन-डे कप टूर्नामेंट में नॉर्थम्प्टनशायर के लिए दोहरा शतक लगाया।शॉ ने 81 गेंदों पर शतक पूरा किया और फिर आखिरकार 153 गेंदों पर 244 रन की पारी खेली। शॉ ने 28 चौके और 11 छक्के जमाए। शॉ ने इस टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा इंडिविज़ुअल स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने ओली रॉबिन्सन के 206 (2022 में केंट के लिए) को पीछे छोड़ दिया।

करियर का दूसरा दोहरा शतक

मुंबई के बल्लेबाज ने अपने लिस्ट ए करियर का दूसरा दोहरा शतक जमाया है। उन्होंने अपना पहला दोहरा शतक 2020-21 विजय हजारे ट्रॉफी में पुडुचेरी के खिलाफ बनाया था। तब मुंबई के लिए शॉ ने नाबाद 227 रन बनाए थे। वह टूर्नामेंट में उस समय का टॉप स्कोर था।

### नॉर्थम्प्टनशायर का वन-डे कप में दूसरा टॉप स्कोर

नॉर्थम्प्टनशायर ने वन-डे कप में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर दर्ज किया। टीम ने आठ विकेट पर 415 रन बनाए। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने नौवें शतक के साथ कई लिस्ट ए रिकॉर्ड तोड़े। शॉ पिछले हफ्ते ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ अपने नॉर्थम्प्टनशायर डेब्यू मैच में 34 रन पर हिटविकेट आउट हो गए थे।



### 50 ओवर के मैच में छठे टॉप स्कोरर बने शॉ

पृथ्वी शॉ 50 ओवर मैच यानी लिस्ट, मैचों में टॉप स्कोर बनाने वाले छठे बल्लेबाज बन गए है। इस लिस्ट में पहला नाम तमिलनाडु के नारायण जगदीशन का है, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 277 रन की पारी खेली थी।

### चार और भारतीय इस समय इंग्लैंड में खेल रहे

पृथ्वी शॉ इस सीजन इंग्लैंड में क्लब क्रिकेट खेलने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी। उनसे पहले चेतेश्वर पुजारा (ससेक्स), अजिंक्य रहाणे (लीसेस्टरशायर), अर्शदीप सिंह (केंट) और नवदीप सैनी (वरसेस्टरशायर) भी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, अर्शदीप, सैनी और रहाणे ने अपना नाम वापस ले लिया है। पुजारा वन डे कप में ससेक्स से खेल रहे है। 2018 में भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिता चुके पृथ्वी शॉ ने 2018 में ही इंटरनेशनल डेब्यू भी कर लिया था। उन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट में ही शतक लगाया, लेकिन इंटरनेशनल लेवल पर गेंदबाजों के सामने उनकी टेक्नीक कमजोर नजर आई। उन्होंने जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ आखिरी इंटरनेशनल मैच वनडे के रूप खेला और तब से ही वह भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेल सके। शॉ को इसी साल न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के स्क्वॉड में शामिल किया गया था, लेकिन शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड की मौजूदगी में उन्हें प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं बनाया गया। अब वेस्टइंडीज दौरे पर टी-20 की टीम जारी होनी है, ऐसे में देखना अहम होगा कि खराब IPL सीजन के बाद उन्हें टीम इंडिया में मौका मिलता है या नहीं।

### एक नजर

## वर्ल्ड कप के टिकट 25 अगस्त से खरीद सकेंगे

### सेमीफाइनल-फाइनल की टिकट बिक्री 15 सितंबर से; भारतीय मैचों के टिकट 5 फेज में बिकेंगे




वनडे वर्ल्ड कप के टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से शुरू होगी। टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से खेला जाएगा। टूर्नामेंट के 41 दिन पहले वॉर्म-अप और भारत को छोड़कर बाकी टीमों के ग्रुप स्टेज मैचों के टिकट बिकना शुरू होंगे। भारत के मैचों के टिकट 5 अलग-अलग फेज में खरीद सकेंगे। जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले के टिकट 15 सितंबर से बिकना शुरू होंगे। सभी टिकट ऑनलाइन खरीदे जा सकेंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड कप का अपडेटेड शेड्यूल जारी करने के बाद ही टिकट बिक्री की डिटेल भी शेयर कर दी।

### सूर्यकुमार यादव ने वनडे फॉर्म के बारे में कहा

## ईमानदारी से कहूं तो नंबर बिल्कुल खराब हैं और इसे स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं




वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 में भारत ने सात विकेट से हरा दिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम इंडिया के उप कप्तान सूर्यकुमार यादव ने वनडे फॉर्म को लेकर कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मेरे वनडे के नंबर बिल्कुल खराब हैं और इसे स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं है। हम सभी ईमानदारी के बारे में बात करते हैं और आपको होना भी चाहिए, लेकिन आप कैसे सुधार कर सकते हैं यह अधिक महत्वपूर्ण है। रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) सर ने मुझसे कहा है कि यह वह फॉर्मेट है जिसमें मैं ज्यादा नहीं खेलता, इसलिए इसकी ज्यादा प्रैक्टिस करनी होगी और इसके बारे में सोचना होगा क्या कर सकते हो। थोड़ा टाइम लेने के बाद यदि आप अंतिम 10-15 ओवरों में बल्लेबाजी कर रहे हैं, तो आप खुद ही सोचें कि आप टीम के लिए क्या कर सकते हैं। अब यह मेरे हाथ में है कि जिम्मेदारी को अवसर में कैसे बदलना है।

### सूर्या 26 वनडे मैचों सिर्फ 511 रन बना सके

सूर्यकुमार ने टी-20 इंटरनेशनल के 51 मैचों की 49 पारियों में 45.64 की औसत और 174.33 की स्ट्राइक रेट से 1,780 रन बनाए हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में तीन शतक और 14 अर्द्धशतक लगाए हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन के लिए 2022 में 'ICC T20I प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता और इस फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज भी हैं। हालांकि, सूर्या के वनडे आकड़ें कुछ खास नहीं हैं। उन्होंने 26 वनडे मैचों के 24 पारियों में 24.33 की औसत से दो अर्धशतकों की मदद से सिर्फ 511 रन बना सके हैं।

### एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम घोषित

## बाबर करेंगे कप्तानी, ऑलराउंडर फहीम की 2 साल बाद टीम में वापसी



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2023 और अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए 18 मेंबर्स वाली टीम घोषित कर दी है। PCB के चीफ सिलेक्टर इंजमाम उल हक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। पाकिस्तान के स्टार बैटर बाबर आजम टीम के कप्तानी, वहीं मोहम्मद रिजवान विकेटकीपर होंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज 22 अगस्त से शुरू होगी। वहीं, एशिया कप में पाकिस्तान का पहला मुकाबला 30 अगस्त को नेपाल से होगा। एशिया कप में पाकिस्तान और नेपाल के अलावा भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के 4 मैच पाकिस्तान में होंगे, वहीं फाइनल सहित बाकी मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीरीज भी श्रीलंका में ही खेली जाएगी।

टीम में ऑलराउंडर फहीम अशरफ ने 2 साल बाद वापसी की है। अशरफ ने आखिरी बार जुलाई 2021 में वनडे मैच खेला था। वे तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बैटिंग डिपार्टमेंट को भी मजबूत करेंगे। अशरफ के नाम वनडे में 31 मैच में 23 विकेट और 218 रन हैं। स्क्वॉड में नया नाम ऑलराउंडर तैयब ताहिर का है। वे लेग स्पिनर भी हैं। ताहिर ने पाकिस्तान के लिए 3 टी-20 मुकाबले खेले हैं। वनडे स्क्वॉड में उन्हें पहली बार शामिल किया गया है।

### वर्ल्ड कप का नया शेड्यूल...9 मैचों की तारीखें बदलीं

## भारत-पाक मैच 14 अक्टूबर को, इंग्लैंड-पाकिस्तान अब 11 नवंबर को कोलकाता में भिड़ेंगे




इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। अपडेट शेड्यूल में 9 मुकाबलों की तारीखें बदली गई हैं। भारत-पाकिस्तान मैच अब 15 की जगह 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में ही खेला जाएगा। वहीं 12 नवंबर को कोलकाता में शेड्यूल्ड पाकिस्तान-इंग्लैंड मैच अब 11 नवंबर को होगा।

टीम इंडिया ग्रुप स्टेज में अपना आखिरी मैच 11 नवंबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलने वाली थी, लेकिन यह मैच अब 12 नवंबर को बेंगलुरु में होगा।

### पाकिस्तान के 3, भारत के 2 मैच री-शेड्यूल हुए

वर्ल्ड कप में 9 मैच री-शेड्यूल किए गए हैं, लेकिन किसी भी मैच का वेन्यू चेंज नहीं किया गया। भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख बदलने के चलते इंग्लैंड-बांग्लादेश और श्रीलंका-पाकिस्तान मैच को भी री-शेड्यूल करना पड़ा। अब 10 अक्टूबर को इंग्लैंड-बांग्लादेश और पाकिस्तान-श्रीलंका के मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच बड़ा मुकाबला लखनऊ में 13 की जगह 12 अक्टूबर को खेला जाएगा। अपडेट शेड्यूल में पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश और इंग्लैंड के भी 3-3 मैचों की तारीखें बदली गई हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत के 2-2 मैच री-शेड्यूल किए गए हैं, वहीं न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और नीदरलैंड का भी एक-एक मैच री-शेड्यूल करना पड़ा है।

# जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम का शुभारंभ

## जांजगीर-चांपा जिले को मिले हसदेव के हीरो

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम समुदाय के द्वारा, समुदाय के लोगों के लिए शुरू की गई, स्वयंसेवा की एक पहल है। यह मंच स्वयंसेवकों को सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, किशोर-किशोरियों का संपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास, अभिभावकों का बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी एवं युवाओं का योगदान जैसे क्षेत्रों के प्रति लोगों को जागरूक करने और जिले में अपनी सेवा देने के अवसर प्रदान करता है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी सहित सभी अधिकारी एवं युवोदय हसदेव के हीरो के युवा स्वयंसेवकों को जांजगीर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम में अपना संपूर्ण योगदान देने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि यूनिसेफ पूरी दुनिया के बच्चों के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाता है। हसदेव जांजगीर-चांपा जिले की जीवन रेखा है और हसदेव के हीरो भी इसी तरह जिले में अपना सहयोग देकर बेहतर समाज का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभायेंगे। युवा समाज में आगे बढ़कर शिक्षा, नशामुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हसदेव के हीरो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों के पालकों को शिक्षा के लिए जागरूक करने का कार्य करेंगे। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि किशोर अवस्था बनने या बिगड़ने की अवस्था होती है। इस समय सही मार्गदर्शन आवश्यक होता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हसदेव के हीरो कार्यक्रम अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफ ल रहेगी। युवा चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा समाज और प्रशासन के कार्यों में सहयोग देंगे। यूनिसेफ प्रमुख जॉब जकारिया ने कहा कि युवा शक्ति का स्त्रोत है, वह समस्या नहीं समाधान है और यूनिसेफ यह मानता है की युवा शक्ति की ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग किया जाना चाहिए। इस दिशा में हसदेव के हीरो कार्यक्रम एक प्रयास है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भागीदारी की और हसदेव के हीरो के लोगों का अनावरण किया। इसके साथ ही विभिन्न सत्र के माध्यम से स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य, स्वयं सेवा के महत्व, युवाओं की भूमिका और विभिन्न विषयों पर राज्य सलाहकार अभिषेक त्रिपाठी और चंदन कुमार ने जानकारी साझा की और वीडियो के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। जिला स्तर पर कार्यक्रम का समन्वय सुनील साहू ईडीएम और यूनिसेफ जिला समन्वयक रेहाना तबस्सुम ने किया।

### क्या है हसदेव के हीरो

जिला प्रशासन, जांजगीर-चांपा एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में हसदेव के हीरो नामक कार्यक्रम एक सामुदायिक पहल है। इसका मूल प्रयोजन सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। इस कार्यक्रम से समाज के प्रभावशाली लोगों, उत्प्रेरकों और अन्य व्यक्तियों के लिए मंच तैयार करना है, जिसके माध्यम से सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक कर सकें। साथ ही साथ जिले के किशोर और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त घर के अभिभावकों का अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी है। जनभागीदारी को अपना मूल मंत्र मान कर यह कार्यक्रम ऊपर दिए गए इन विषयों पर लोगों एवं समुदाय के व्यवहार परिवर्तन करने हेतु प्रेरित करता है। इस पहल के द्वारा जिले के युवाओं और समुदाय के लोगों से आगे बढ़ने और स्वयंसेवा की भावना से कार्यक्रम का समर्थन करने का आह्वान भी करना है।




### कौन बन सकते हैं हसदेव के हीरो

किसी भी समाज, वर्ग, जाति, समुदाय, व्यवसाय से आने वाले, 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति, जो अपनी योग्यता एवं रुचियों के आधार पर इन विषयों में परिवार एवं अपने समुदाय स्तर पर बदलाव लाने को इच्छुक है, वह सभी इस कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, किशोर-किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य और एनीमिया के प्रति जागरूक करना, जन-भागीदारी हेतु यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज मे बिहेवियरल क्लब मेम्बर्स एवं इंटर्न्स को सम्मिलित करना, अपने बच्चों की शिक्षा में अभिभावक की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, युवाओं के लिए विचार, नवाचार को रखने के लिए मंच निर्माण करना, व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार एवं संवाद को सघन रूप से उपयोग करना कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियां हैं।

## एक नजर

### जिले में 14 अगस्त को स्वतंत्रता सह सद्भावना दौड़ का होगा आयोजन

* सुबह 8 बजे घंटाघर चौक से शुरू होगी स्वतंत्रता दौड़

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार आजादी के 76वीं वर्षगाठ के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी कोरबा जिले में स्वतंत्रता सह सद्भावना दौड़ दिवस के पूर्व 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह 8 बजे कोरबा शहर के घंटाघर चौक से प्रारंभ होगी और मिनीमाता महाविद्यालय से महाराणा प्रताप बुधवारी बाजार चौक से होते हुए वापस घंटाघर में समाप्त होगी। इस दौड़ में जिले के स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक तथा आमजन शामिल होंगे। खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र छात्राओं, स्काउट गाइड, नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने एवं सहिष्णुता व देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### छिंद के नववधुओं ने ली सामूहिक मतदान शपथ

जिला प्रशासन द्वारा नववधुओं का किया गया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।







मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान अंतर्गत सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंद के नववधुओं को सामूहिक रूप से उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सहित आगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

### मिशन इन्द्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान हेतु दिशा-निर्देश जारी

* जिले में अभियान अंतर्गत प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त तक किया जाएगा आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में टीकाकरण सुदृढ़िकरण, मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की खुराक से छूटे हुए, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किए जाने हेतु मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने मिशन इंद्रधनुष 5.0 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त, द्वितीय चरण 20 से 26 सितंबर तथा तृतीय चरण 25 से 31 अक्टूबर 2023 रविवार को छोड़कर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा। कलेक्टर सौरभ कुमार एवं सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पात्र लाभार्थियों के पालकों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपील किया है। इस हेतु 0 से 5 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों सहित वैक्सीन से छूटे हुए बच्चों, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराएं। जिससे गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों के साथ ही शिशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सके।

# भरोसे का सम्मेलन पर भाजपा का तंज, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा- क्या भरोसा खो चुकी है कांग्रेस



**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर तंज कसते हुए कहा कि क्या कांग्रेस भरोसा खो चुकी है? सीएम भूपेश बघेल के बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि हमारी चिंता छोड़ दें. उन्हें सिर्फ गांधी परिवार की चिंता करनी चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा है।

रमन सिंह के होते बीजेपी नेताओं की दाल नहीं गलने वाली सीएम भूपेश बघेल के इस बयान पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने पलटवार किया है. अजय चंद्राकर ने कहा कि हमारी चिंता वह छोड़ दें. उनको सिर्फ गांधी परिवार की चिंता करनी चाहिए. सेट और भेंट के लिए सीएम को अपने जीवन समर्पण करना चाहिए. संसद में राहुल गांधी के रावण दो लोगों की सुनता था वाले बयान पर अजय चंद्राकर ने कहा कि रावण कितने लोगों की सुनता था, उसमें उनकी जानकारी कम है. मंदोदरी की रावण सुनते थे, उन्हें रामायण फिर से पढ़नी चाहिए. इसके अतिरिक्त उन्होंने अध्यात्म में, रामायण में, महाभारत में उदानन इसलिए दे रहे हैं. अभी वह दत्तात्रेय गोत्र भी बताएंगे. जिसने देश की आंतरिक सुरक्षा बिगाड़ी अब वह उदाहरण ला रहे हैं. ज्यादा बोल दो तो पुतला दहन करने लग जाते है.

इसकी रेडीमेड दुकान खोलकर रखें है, चुनाव लड़ने के बजाय यह फिक्स काम है। राजीव भवन में दुर्ग लोकसभा स्तरीय कांग्रेस की बैठक पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि रोज बैठक करें, दिनभर में बैठक करें. 5 मंत्रियों वाले अविभाजित दुर्ग जिले में सबसे भीषण पराजय कांग्रेस को झेलनी पड़ेगी. कौन से नए लोग जुड़ेंगे, इन्होंने किस वर्ग को नहीं छला है। 13 अगस्त को होने वाले कांग्रेस के 'भरोसे का सम्मेलन' पर चंद्राकर ने कहा कि क्या कांग्रेस भरोसा खो चुकी है? जनता के बीच भरोसा खो चुकी है? गांधी परिवार से भरोसा खो चुकी है? तीन विदेशी सांसद है, उनका भरोसा खो चुकी है? धान खरीदी से लेकर जितने भी वादे है, उनकी मेरे से बहस हो जाए, उनके मंत्री मंडल के सहयोगी अगर आमंत्रण स्वीकार करते हैं तो बात इधर-उधर की करेंगे।

राज्य सरकार के 125 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी के लक्ष्य पर अजय चंद्राकर ने कहा कि मुख्य विषय समझना होगा कि राजनीति कैसे होती है. प्रदेश सरकार की रिपोर्ट है की वह एक लाख 25 हजार टन धान खरीदेंगे, केंद्र सरकार 46 लाख टन एफसीआई के माध्यम से धान उपार्जन करती है. उतना चावल देने के लिए यह धान पर्याप्त नहीं है, एक लाख 29 हजार टन चावल खरीदना पड़ेगा. लगभग 14 लाख टन चावल पीडीएस के लिए चाहिए, उसको यह सरकार कैसे प्रतिपूर्ति करेगी. क्या उतना धान छत्तीसगढ़ में उत्पादित होता है?

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर दिया गया मतदान का संदेश




जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में सीमा पात्रे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदाताओं को जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। श्रृंखला के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। जिसमें मतदान जागरूकता संबंधी संदेश लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी, छोड़ कर अपने सारे काम, पहले करेंगे हम मतदान जैसे नारे भी लगाए गए।




जुर्म पर खाकी का शिकंजा

## महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के खिलाफ बड़ी कार्वाई, 6 सटोरिए धराए, करोड़ों रुपए के लेनदेन के दस्तावेज जब्त



**दुर्ग।** पुलिस ने लंबे समय के बाद एक बार फिर महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के महादेव बुक नंबर 456 के खिलाफ भिलाई पुलिस को शिकायत मिली थी. शिकायत के बाद भिलाई भट्टी थाना पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही करीब करोड़ों रुपए के लेनदेन के दस्तावेज जब्त किए हैं। बता दें कि, महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के खिलाफ दुर्ग पुलिस की मुहिम लगातार जारी है. इसी बीच दुर्ग पुलिस ने पिछले 6 महीने के अंदर 35 से ज्यादा महादेव ऑनलाइन ऐप की ब्रांच को ध्वस्त किया, जिसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे राज्यों के ब्रांच भी शामिल है. इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस ने महादेव ऑनलाइन ऐप के करीब करोड़ों रुपए के लेनदेन के दस्तावेज जब्त किए हैं। वहीं कई बैंक खातों को ही फ्रिज भी करवाया गया है. पुलिस ने 6 आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, 5 मोबाइल, कई बैंक खातों के पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड और करोड़ों रुपए के लेनदेन का खुलासा किया है. प्राप्त सभी बैंक दस्तावेजों के आधार पर पुलिस जांच कर रही है.

**अन्य समाज के सामाजिक भवनों की मुख्यमंत्री की घोषणा महज एक लालीपॉप**

# लैलूंगा प्रेस क्लब भवन की मुख्यमंत्री द्वारा की गई स्वीकृती केवल कागजों पर

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



प्रेस क्लब लैलूंगा की भवन के लिए विगत वर्ष छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लैलूंगा विधानसभा मके नगर स्थानीय विश्राम गृह में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत नगर आगमन हुआ था। जहां लैलूंगा विकास खण्ड के विभिन्न समाज के सामाज व संस्था प्रमुखगण से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में प्रेस क्लब लैलूंगा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में पत्रकारों के द्वारा लैलूंगा जैसे आदिवासी अंचल में प्रेस भवन की मांग किया गया था। जिसे तत्काल मुख्यमंत्री के द्वारा भवन के लिए 10 लाख रूपये की स्वीकृत किया गया है। जिसे लैलूंगा की तात्कालीन तहसीलदार के द्वारा प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल को प्रेस क्लब के लिए भूमि चिन्हांकित कर तीन दिवस के अंदर तहसील ऑफि स लैलूंगा में चिन्हांकित भूमि के कागजात जमा करने को कहा गया। जिसकी संबन्ध में नक्शा, खसरा, पटवारी प्रतिवेदन, पंचनामा सहित पेपर प्रकाशन ईश्तहार को तहसीलदार लैलूंगा को उपलब्ध कराया गया था। जिसे तत्कालीन तहसीलदार प्रेमा मिंज द्वारा सभी कागजी कार्यवाही के बाद निरस्त कर दिया गया। पुनः पत्र लिखकर दूसरी जमीन चिन्हांकित कर कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। प्रेस क्लब के सभी पत्रकार साथियों के द्वारा दूसरी जमीन चयन करके संबंधित कागजात तहसील में फिर से जमा कर दिया गया। जिसको पुनः निरस्त कर दिया गया। वहीं तहसीलदार के द्वारा आहूत सर्व समाज के लोगों के साथ हुए बैठक में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ठंडा राम बेहरा ने कहा कि जिस जमीन का संबंधित कागजात प्रेस क्लब द्वारा तहसील लैलूंगा में उपलब्ध कराया गया है। वह जमीन कांग्रेस पार्टी भवन के लिए सुरक्षित रखा गया है। जिसको आगामी समय में कांग्रेस पार्टी का भवन निर्माण किया जाएगा। अतः वह जमीन आप लोगों को नहीं दिया जा सकता ऐसा कह दिया गया। जहां प्रेस क्लब भवन बनाने के लिए भूमि आबंटन नहीं किया जा सकता, तो वही भूमि को कांग्रेस पार्टी कार्यालय के लिए कैसे आबंटित किया जा सकता है। लैलूंगा प्रेस क्लब के अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रेस के सभी सदस्यों ने पुनः बैठकें कर स्थानीय विधायक चक्रधर सिंह सिदार के साथ 07 जुलाई 2023 को बैठक कर अवगत कराने का निर्णय लिया गया। एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किए गए घोषणा के अनुरूप प्रेस क्लब भवन के लिए भूमि प्रदान करने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक के पास 08 जुलाई 2023 को विधायक निवास कटकलिया में पत्रकारों तथा विधायक के साथ बैठक हुई जहां विधायक चक्रधर सिंह सिदार के द्वारा तीन दिवस के अंदर कलेक्टर से बातचीत करके जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। जबकि माह भर से अधिक होने के पश्चात भी स्थानीय विधायक के द्वारा प्रेस क्लब के लिए कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया। यह बेहद शर्मनाक बात है। जिसके बारे में प्रेस क्लब के सदस्यों की बैठक में प्रेस क्लब लैलूंगा के सभी पत्रकार बंधुओ ने स्थानीय शासन-प्रशासन एवं विधायक के प्रति नाराजगी जाहिर की है। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार जब चौथे स्तम्भ को भूमि तथा भवन के लिए तरसाया जा रहा है । यह कहां तक उचित है। पत्रकारों के लिए भूमि नहीं दिलवा पाना स्थानीय विधायक की कितनी बड़ी निष्क्रियता व नाकामी हो सकता है। वहीं अन्य सभी समाज के लिए की गई सामाजिक भवन की घोषणा की स्थिति का आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं। ये हाल है लैलूंगा के आम जनता तथा पत्रकारों की और यह कहा जाता है की भूपेश है तो भरोसा है। स्लोगन है गढ़बो नवा छत्तीसगढ़।

# जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम का शुभारंभ

### जांजगीर-चांपा जिले को मिले हसदेव के हीरो

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम समुदाय के द्वारा, समुदाय के लोगों के लिए शुरू की गई, स्वयंसेवा की एक पहल है।



यह मंच स्वयंसेवकों को सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, किशोर-किशोरियों का संपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास, अभिभावकों का बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी एवं युवाओं का योगदान जैसे क्षेत्रों के प्रति लोगों को जागरूक करने और जिले में अपनी सेवा देने के अवसर प्रदान करता है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी सहित सभी अधिकारी एवं युवोदय हसदेव के हीरो के युवा स्वयंसेवकों को जांजगीर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम में अपना संपूर्ण योगदान देने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर ऋ चा प्रकाश चौधरी ने कहा कि यूनिसेफ पूरी दुनिया के बच्चों के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाता है। हसदेव जांजगीर-चांपा जिले की जीवन रेखा है और हसदेव के हीरो भी इसी तरह जिले में अपना सहयोग देकर बेहतर समाज का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभायेंगे। युवा समाज में आगे बढ़कर शिक्षा, नशामुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हसदेव के हीरो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों के पालकों को शिक्षा के लिए जागरूक करने का कार्य करेंगे। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि किशोर अवस्था बनने या बिगड़ने की अवस्था होती है। इस समय



सही मार्गदर्शन आवश्यक होता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हसदेव के हीरो कार्यक्रम अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफ ल रहेगी। युवा चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा समाज और प्रशासन के कार्यों में सहयोग देंगे। यूनिसेफ प्रमुख जॉब जकारिया ने कहा कि युवा शक्ति का स्त्रोत है, वह समस्या नहीं समाधान है और यूनिसेफ यह मानता है की युवा शक्ति की ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग किया जाना चाहिए। इस दिशा में हसदेव के हीरो कार्यक्रम एक प्रयास है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भागीदारी की और हसदेव के हीरो के लोगों का अनावरण किया। इसके साथ ही विभिन्न सत्र के माध्यम से स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य, स्वयं सेवा के महत्व, युवाओं की भूमिका और विभिन्न विषयों पर राज्य सलाहकार अभिषेक त्रिपाठी और चंदन कुमार ने जानकारी साझा की और वीडियो के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। जिला स्तर पर कार्यक्रम का समन्वय सुनील साहू ईडीएम और यूनिसेफ जिला समन्वयक रेहाना तबस्सुम ने किया।

### क्या है हसदेव के हीरो

जिला प्रशासन, जांजगीर-चांपा एवं यूनिसेफ के तत्वावधान में हसदेव के हीरो नामक कार्यक्रम एक सामुदायिक पहल है। इसका मूल प्रयोजन सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। इस कार्यक्रम से समाज के प्रभावशाली लोगों, उत्प्रेरकों और अन्य व्यक्तियों के लिए मंच तैयार करना है, जिसके माध्यम से सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक कर सकें। साथ ही साथ जिले के किशोर और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त घर के अभिभावकों का अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी है। जनभागीदारी को अपना मूल मंत्र मान कर यह कार्यक्रम ऊपर दिए गए इन विषयों पर लोगों एवं समुदाय के व्यवहार परिवर्तन करने हेतु प्रेरित करता है। इस पहल के द्वारा जिले के युवाओं और समुदाय के लोगों से आगे बढ़ने और स्वयंसेवा की भावना से कार्यक्रम का समर्थन करने का आह्वान भी करना है।

### कौन बन सकते हैं हसदेव के हीरो

किसी भी समाज, वर्ग, जाति, समुदाय, व्यवसाय से आने वाले, 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति, जो अपनी योग्यता एवं रुचियों के आधार पर इन विषयों में परिवार एवं अपने समुदाय स्तर पर बदलाव लाने को इच्छुक है, वह सभी इस कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, किशोर-किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य और एनीमिया के प्रति जागरूक करना, जन-भागीदारी हेतु यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज मे बिहेवियरल क्लब मेम्बर्स एवं इंटर्न्स को सम्मिलित करना, अपने बच्चों की शिक्षा में अभिभावक की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, युवाओं के लिए विचार, नवाचार को रखने के लिए मंच निमार्ण करना, व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार एवं संवाद को सघन रूप से उपयोग करना कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियां हैं।

## एक नजर

### कसडोल विधानसभा स्तरीय बीएलए प्रशिक्षण शिविर संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।

कसडोल विधानसभा के अन्तर्गत पलारी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे, कसडोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा, लवन ब्लॉक प्रभारी महामंत्री नरेंद वर्मा के नेतृत्व में पलारी नगर भवन में बीएलए। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें पीसीसी से मास्टर ट्रेनर के रुप में ब्रह्मदेव ठाकुर के द्वारा विधानसभा के सभी बीएलए को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू, एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने जानकारी व मार्गदर्शन दिया और सभी बीएलए को वोटर लिस्ट वितरण किया गया छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को हितग्राही कार्ड आभियान के माध्यम से जनजन तक पहुंचाने का और छत्तीसगढ़ में दुबारा कांग्रेस की सरकार बनाने का सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प किया, जिसमे भारी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता सामिल हुए।

### मतदाताओं को जागरूक करने नई पहल न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में आज सिविल कोर्ट में एडीजे निहारिका सैनी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली गई। राज्य में यह अपने आप में एक नवीन पहल है, जहां पहली बार न्यायपालिका से जुड़े लोगों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भागीदार बनाने का कार्य किया जा रहा है। एडीजे सैनी ने कहा कि यह देखने में आता है कि अधिकांशत: मतदान करने में शहरी वर्ग का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम ही होता है, हम सभी यह सुनिश्चित करें कि शहरी क्षेत्रों के मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी संभव हो। इस अवसर पर अन्य न्यायाधीश, अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रशासनिक अधिकारियों की गई नई पदस्थापना

#### रिचा सिंह को कटघोरा एवं रूचि शार्दुल को पाली के एसडीएम का मिला दायित्व

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक अधिकारियों की नई पदस्थापना करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य आबंटित किया है। जिसके अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर रिचा सिंह को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटघोरा का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही उन्हें अनुविभाग कटघोरा का भू-अर्जन अधिकारी, पंजीयन लोक न्यास रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, सक्षम प्राधिकारी छत्तीसगढ़ लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974, सहायक सत्कार अधिकारी सहित समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दुल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाली के रूप में पदस्थ किया गया है। उन्हें अनुविभाग पाली का भू-अर्जन अधिकारी, पंजीयन लोक न्यास रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, सक्षम प्राधिकारी छत्तीसगढ़ लोक परिसर बेदखली अधिनियम 1974, सहायक सत्कार अधिकारी सहित समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

## घर में उत्पात मचा कर गाली गुप्तार करने एवं आवेशित होकर उपद्रव करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




आरोपी गोपाल श्रीवास पिता सोनू श्रीवास उम्र 33 साल पता वार्ड नंबर 9 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा द्वारा अपने घर में उत्पात मचा रहा था एवं गाली गुप्तार कर रहा था जिससे आसपास में अशांति का माहौल बन गया था जिसे मौके पर थाना साजा स्टाफ द्वारा जाकर समझाई दिया गया उक्त आरोपी आवेशित होकर उपद्रव करने लगे उक्त व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 151/107,116,3, जा.फौ की कार्यवाही कर इस्तगासा एसडीएम न्यायालय साजा में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, प्रधान आरक्षक विजय साहू, गौरी शंकर शर्मा, आरक्षक गोलू पटेल एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका।

## पोड़ी-उपरोड़ा के सिंघिया में खण्डस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का किया जा रहा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के लिए जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में उत्साह, उमंग और ऊर्जा का माहौल है। प्रदेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े पंरपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक शुरू किया है। कबड्डी, फ ुगड़ी, गिल्ली डंडा एवं रस्सीकूद, खो-खो, भंवरा जैसे खेलों में सभी वर्ग के पुरूष, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा एवं बच्चें उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में भी जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जा रहा है।



छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का क्लस्टर-जोन, पंचायत स्तर की प्रतिस्पर्धा पोड़ी-उपरोड़ा जनपद में समापन के पश्चात् खण्डस्तरीय ओलंपिक खेल प्रारंभ हो गए हैं। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत सिंघिया हाई स्कूल मैदान में खण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं।

गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में 16 प्रकार के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता में दलीय खेल अंतर्गत गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्सी-कस्सा, बाटी, कंचा एवं एकल खेल अंतर्गत बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सीकूद, कुश्ती सहित कुल 16 खेलों का आयोजन किया जा रहा है।



## दो फर्म में पेस्टिसाइड विक्रय पर प्रतिबंध, 5 फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में खरीफ सीजन में किसानों को समय पर खाद बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन सख्त है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना के निर्देशानुसार बीते बुधवार को बेमेतरा जिले में संचालित फ र्म राम कृषि केन्द्र बाबामोहतरा, किसान मितान कृषि केन्द्र नवागांव खुड़मुड़ी, किसान कृषि सेवा केन्द्र नवागांव खुडमुड़ी, दीप कृषि केन्द्र बालसमुंद एवं नवीन कृषि केन्द्र चंदनू का निरीक्षण पेस्टिसाइड इंस्पेक्टर डॉ श्याम लाल साहू के



द्वारा किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि उक्त विक्रेताओं के द्वारा कृषकों को नियमानुसार बिल नहीं दिया जा रहा हैए स्कंध पंजी का संधारण नहीं किया जा रहा है और बिना पीसी के कीटनाशकों का भंडारण किया गया है। जिस पर किसान कृषि सेवा केन्द्र नवागांव खुडमुड़ी एवं नवीन कृषि केंद्र चंदनू में कीटनाशकों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। सभी पांचो फ र्म को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।




## प्रोत्साहन एनजीओ के माध्यम से किया जा रहा सराहनीय कार्य

### मवेशियों के गले में बांधा जा रहा चकित पट्टा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में एक प्रोत्साहन एनजीओ के द्वारा जगह-जगह खड़े मवेशियों के गले में चकित पट्टा बांधा जा रहा है जिससे अब मवेशियों के झुंड में रहने अकेले रहने या जैसे भी स्थिति वह दिखे गाड़ी वाले तत्काल समझ जाएंगे क्योंकि वह पट्टे सिग्नल की तरह काम करेंगे जिस तरह से लाल पीला हरा सिग्नल देखकर वाहन चालक समझ जाता है।






धीरे चलना है तेज चलना है या रुक जाना है उसी तरह से प्रोत्साहन एनजीओ के द्वारा मवेशियों को सुरक्षित एवं वाहन चालकों को दुर्घटना होने का शिकार ना होने से बचने के लिए मवेशियों के गले में कलर चकित वाला पट्टा बांधा जा रहा है जिससे कि रात को गाड़ी चलने के समय वह दूर से ही चकमक आता हुआ दिखाई देगा और गाड़ी वाहन चालक धीरे कर लेगा जिससे वहां साइड से होकर आगे बढ़ जाएगा जिससे कि कोई दुर्घटना नहीं होगा तथा मवेशियों की भी सुरक्षा तथा यात्री एवं वाहन चालक दोनों का सुरक्षा भी हो जाएगा तो यह बलौदाबाजार जिले में देखा गया कल लवन नगर पंचायत के आसपास देखा गया और यहां प्रोत्साहन एनजीओ मनीष सक्सेना गाजियाबाद और उनकी टीम के द्वारा लगातार जारी है और यह अनोखी पहल है कि दुर्घटना ना हो हालांकि अभी यहां स्थिति निर्मित है कि जिले में नहीं पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में रोका-छेका का अभियान जारी है मगर यह संपूर्ण तरीके से नहीं हो पा रहा है पालन इसका मगर कुछ लोगों के सोच और नजरिया के आधार पर धीरे-धीरे इस तरकीब को निकाला जा रहा है।

## बारनवापारा अभ्यारण्य में विश्व हाथी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

### ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 11 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ के आकर्षक अभ्यारण्य में विख्यात बारनवापरा अभ्यारण्य में 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर 12 अगस्त को शाम 4 बजे से 5 बजे तक ऑनलाईन क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके लिए अपना नि:शुल्क पंजीयन वेबसाईट में 11 अगस्त को शाम 5 बजे तक कर सकते है। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रधान मुख्य वनसंरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव के निर्देशानुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक



वन्यप्राणी सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व हाथी दिवस पर अभ्यारण्य में कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में भारतीय डाक विभाग के द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य के जंगली हाथियों के पोस्टल लिफ ाफ ा, पोस्ट कार्ड एवं डाक टिकट का विमोचन किया जाएगा। जिससे डाक सुविधा के माध्यम से जंगली हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश जन-जागरूकता के उद्देश्य के साथ व्यापक स्तर पर पहुंच सके। पोस्टल विमोचन के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित लोंगो को बारनवापारा अभ्यारण्य में हाथियों के रहवास वाले क्षेत्रों में भ्रमण कराया जाएगा। जिससे जन सामान्य तक बारनवापारा में हाथियों की उपस्थिति और इस पारिस्थिकीय तंत्र के महत्व का पता चल सके। ष्विश्व हाथी दिवस पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जंगली हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन में जनमानस का योगदान एवं हाथी मानव द्वंद्व को कम करना तथा इस पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखने का प्रयास करना है। अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया ने बताया कि यहां वर्तमान में स्वच्छंद विचरण करने वाले वन्य प्राणियों की संख्या में काफ ी वृद्धि हुई है। वन विभाग द्वारा पर्यटकों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है। जिसमें सभी तबकों के हिसाब से 34 कमरे बनाए गए हैं। आमोद प्रमोद हेतु पर्यटन ग्राम में बारनवापारा अभ्यारण्य में झूला, ओपन थिएटर तथा इंटरप्रिटेशन सेंटर मौजूद है। बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के अंतर्गत 18 ग्राम शामिल हैं।

## परिजन करते रहे विरोध कार्यवाही करने की बात पर पीछे हटे परिजन

# बेजा कब्जा हटाने पहुंचे तहसीलदार कार्यवाही के दौरान मौके पर प्रशासनिक अमला रहे मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

न्यायालीन आदेश के बाद कोटा तहसीलदार प्रांजल मिश्रा अपने लाव लश्कर के साथ बेजा कब्जा तोड़ने पंहुचे, पूरा मामला वार्ड क्रमांक 08 पुरानी बस्ती बजारपारा स्थित आवेदक अब्दुल रब व अनावेदक ओंकार.दुबे जमीन.कब्जे को लेकर कोटा.तहसीलदार प्रांजल मिश्रा के न्यायालय में लंबित था। आवेदक.व अनावेदक के जमीन.कब्जे मामले प्रकरण को लेकर मामला सिविल.कोर्ट तक जा पहुंचा था कोटा.तहसीलदार प्रांजल मिश्रा के अनुसार सिविल न्यायालय के आदेश के मुताबिक आवेदक अब्दुल.रब को उनकी जमीन कब्जे के आदेश के बाद



**बेजा-कब्जा हटाने की कार्यवाही का विरोध कर रहे परिजनों को तहसीलदार ने दी समझाईश**

अनावेदक ओंकार दुबे को स्वयं से कब्जा हटाएं जाने के निर्देश दिए गए थे। अनावेदक ओंकार दुबे के द्वारा सिविल कोर्ट से स्थगन मिलने की बात भी कहि गई थी। पर समय-सीमा के अंदर अनावेदक द्वारा किसी भी प्रकार का स्थगन आदेश संबंधित कोई भी दस्तावेज तहसीलदार कोटा के समक्ष प्रस्तुत नही किए जाने पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों व कानून व्यवस्था बनाए रखने



पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में बेजा कब्जा हटाने की कार्यवाही पूर्ण की गई।

बेजा कब्जा हटाने की पूरी कार्यवाही के दौरान कोटा तहसीलदार प्रांजल मिश्रा आरआई अन्य राजस्व कर्मचारियों सहित कोटा थाने के एएसआई आरक्षक महिला आरक्षक मौजूद रहे शुरुवाती कार्यवाही के दौरान अनावेदक सहित परिजनों द्वारा कोटा तहसीलदार के कार्यवाही पर आपत्ति दर्ज कराते हुए वाद विवाद भी करने लगे जिस पर तहसीलदार ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के कारण मौके पर उपस्थित कोटा पुलिस के जवानों से कार्यवाही करने की बात कही जिस पर पुलिस कार्यवाही करने आगे बढ़ रही थी कि अनावेदक व परिजन शांत हो गए जिसके बाद स्वयं कोटा तहसीलदार द्वारा सामने आकर कब्जे के पूरे समान को हटवाया गया।

## एक नजर

### ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना फाउंडेशन का लक्ष्य - जीवन मिश्रा



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कोटा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत झिंगटपुर में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर जीवन मिश्रा बिलासपुर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष व चैयरमेन राम प्रसाद मिश्रा फउंडेशन कोटा द्वारा ग्राम झिंगटपुर के कबड्डी खिलाड़ियों को टी शर्ट का वितरण किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए एन आई एस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा द्वारा कबड्डी खिलाड़ियों को टी-शर्ट व ग्राम के सम्मानीय नागरिक को बघवा गमछा भेंट कर विश्व आदिवासी दिवस पर समस्त ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी जीवन मिश्रा द्वारा उद्बोधन में कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र और इस ग्रामीण क्षेत्र के गांवों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लेकर जाना ही फाउंडेशन के लक्ष्य है जिससे कोई भी खिलाड़ी पीछे न रहे आगे जीवन मिश्रा ने कहा कि अगर खेल में आगे बढ़ना है तो खिलाड़ियों को नशे से सबसे पहले दूर रहना पड़ेगा नशे से दूर और मेहनत करने के कारण आज गृह ग्राम तिलैया करपीहा कोटा का कबड्डी खिलाड़ी स्टार प्रो कबड्डी लीग में यु पी योद्धा टीम से खेल रहा रहा है जो कि कोटा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा द्वारा कबड्डी खिलाड़ी इंद्र कुमार कैवर्त, राजू कुमार, नितेश, ओमप्रकाश, रामु निषाद, प्रमोद यादव, संजय,राम रतन यादव,जय प्रकाश यादव व पवन मरकाम को टी शर्ट वितरण किया गया इस दौरान उपस्थिति ग्राम के सोमवार सिंह यादवएजीवन यादवएनंद कुमार भानु,रामनाथ, महेंद्र कुमार, ज्वाला प्रसाद,सोनू राम भानु,सुनीता भानु, सतरूपा,लक्ष्मीन भाई आदि को गमछा भेंट किया गया।

## स्व.श्रवण यादव की पुण्यतिथि में यात्री प्रतीक्षालय का शुभारंभ

पुलिस चौकी करही में कलेक्टर ने किया उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



बिलासपुर एवं लालपुर विष्णु यादव द्वारा 10 लाख रुपए की राशि से ग्राम कर ही पुलिस चौकी के पास यात्री प्रतीक्षालय बनवाया गया जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को आराम सुविधा मिल सके इसलिए विष्णु यादव ने कहा कि मैंने अपने खुद की रुपए से यात्री प्रतीक्षालय बनवाया हूं जोकि यात्रा करने वालों को बरसात हो या गर्मी ताकि इस प्रतिक्षालय में बैठकर आराम कर सकें। बलौदाबाजार कलेक्टर चंदन कुमार के चरण कमलों के द्वारा फीता काटकर यात्री प्रतीक्षालय का शुभारंभ किया गया और कलेक्टर ने कहा कि विष्णु यादव ने अपना न सोच कर दूसरों का बारे सोचने वोले ऐसा दान दाता का बड़ी प्रशंसा करते हुए दिल से आभार व्यक्त किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर बलौदा बाजार चन्दन यादव एसडीएम नरेंद्र बंजारा, तहसीलदार निपनिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भाटापारा, पुलिस अधीक्षक दिपक झा, बलौदा बाजार मस्तुरी यादव समाज के अध्यक्ष मन्नू यादव एवं विष्णु यादव, कार्तिक यादव,सह यादव परिवार सभी के उपस्थित में संपन्न हुआ।

## सामूहिक बीमा की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन 11 अगस्त से शुरू

**कोरबा** । एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, दस लाख रुपए मृत्यु दावा राशि देने तथा सामूहिक बीमा की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन 11 अगस्त से शुरू हो रहा है। प्रथम चरण में 11 अगस्त को छत्तीसगढ़ के सभी अधिवक्ता संघ कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपेंगे।

जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव नूतन सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में अधिवक्ताओं से वादा किया था कि कांग्रेस सरकार बनने पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करेंगे, साथ ही अधिवक्ताओं को 10 लाख रुपए मृत्यु दावा राशि और सामूहिक बीमा का लाभ देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार अपना वादा भूल गई।

# भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं जिला आह्वान पर किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने किया धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा लखनलाल देवांगन जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम गबेल जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष सोनसाय देवांगन के नेतृत्व में अमानक खाद बिक्री को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने किया कलेक्ट्रेट कार्यालय घेराव करने पहुंचे। किसान मोर्चा ने किसानों को अमानक वर्मी कपोस्ट खाद बेचे जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए किसान मोर्चा एवं भाजपाइयों ने कलेक्ट्रेट के सामने जमकर नारेबाजी की किसानों को मिलने वाले अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद के वितरण में रोक लगाने तथा पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की मांग करते हुए भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम गबेल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस 2 रूपए में गोबर खरीद कर उसे 10 रुपए में वर्मी कंपोस्ट खाद बताकर जबर्दस्ती किसानों को बेच रहे है। ये खाद पूरी तरह से अमानक और कंकड़ माटी वाली है। किसानों को खाद के नाम पर ठगा जा रहा उनके साथ छल किया जा रहा है। जिसके चलते







प्रदेश के किसान प्रताड़ित किया जा रहा है है। जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा प्रदेश की भूपेश सरकार के द्वारा किसानों को छलते हुए अमानक खाद बेची जा रही है। किसान के खाते से जबरन उनके खाते से पैसे काटे जा रहे हैं। बीजेपी ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना दिया बीजेपी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर किसानो के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है बीजेपी का कहना है की कांग्रेस सरकार दबाव पूर्वक किसानो को गुणवत्ताहीन गोबर खाद खरीदने के लिए मजबूर कर रही है किसानों को जबरन 10 रुपए किलो में खाद बेचा जा रहा है जिसमे गोबर से ज्यादा रेती पत्थर मिला रहता है। भाजपाइयों ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सामने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जिसमे प्रमुख रूप से कटघोरा के पूर्व विधायक लखनलाल चंद्रा भी शामिल हुए भाजपाइयों ने धरने के बाद गुणवत्ताहीन गोबर खाद लेकर कलेक्टर कार्यालय की ओर कूच किया मगर पुलिस ने आंदोलनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया भाजपाइयों ने एडीएम वीरेंद्र लकड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए भ्रष्टाचारियों पर जांच कर कार्यवाही की मांग की, भाजपाइयों के आंदोलन और कलेक्टर घेराव की सूचना को लेकर कलेक्टर कार्यालय में भरी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था कलेक्टर कार्यालय के गेट के बाहर बेरिकेट लगाकर भाजपाइयों को रोकने का प्रयास किया गया इस दौरान पुलिस को भाजपा कार्यकर्ता के बीच धक्का मुक्की और झूमा झपटी की स्थिति भी बनी रही गर्मजोशी से विरोध प्रदर्शन के बाद बीजेपी के नेताओं ने अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लखन लाल देवांगन, निर्मल सिन्हा,प्रीतम सिंह गवेल, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, संयोगिता सिंह जूदेव,रूपा सिंहदेव,गोपी सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमृत लाल साहू, गगन जयपुरिया, टिकेश्वर पटेल,नारायण राठौर, पर्सन राठौर, प्रकाश साहू,आलोक पटेल,शिवम, रवि खेमेंद्र नायक, परमेश्वर साहू, प्रमेंद्र सिंह ठाकुर, गोविंद देवांगन, लाखन नामदेव, गोविंदा निराला,राजकमल राठौर उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रतिनिधि मंडल मिला कलेक्टर से कहा यदि 13 अगस्त तक किसानों को खाद नहीं मिला तो भाजपा करेगी 14 अगस्त से विशाल आंदोलन

जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से मिलकर जिले में खाद की कमी के सम्बन्ध में मुलाकात कर कहा कि यदि 13 अगस्त तक किसानों को समय पर खाद नहीं मिला तो भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त से तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, जिला महामंत्री गगन जयपुरिया, आदि मौजूद रहे।

## राजधानी में रोजाना औसतन 15 लोगों को आवारा कुत्ते काट रहे हैं



**रायपुर।** राजधानी में मौसम बदलने के साथ ही कुत्तों के हिंसक होने की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले एक महीने में कुत्तों ने 500 से ज्यादा लोगों को काटा है. किसी भी इलाके में अचानक कुत्ते बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों और युवाओं पर भी हिंसक हमला कर रहे हैं. अंबेडकर अस्पताल में रोजाना औसतन 10 कुत्ते काटने के मामले पहुंच रहे हैं। 5-7 मामले निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में भी पहुंचते हैं। शहर में आवारा कुत्तों की संख्या 40 हजार से अधिक हो गयी है. निगम का नसबंदी अभियान फेल हो गया है. फिलहाल कुत्तों की नसबंदी नहीं की जा रही है. कुत्तों को पकड़कर बाड़े में रखने की योजना एक साल बाद भी फाइलों से बाहर नहीं निकल पाई है। अधिकारी पांच एकड़ जमीन मिलने की बात कह रहे हैं, लेकिन उसके बाद इस योजना में कुछ नहीं किया गया. गुढ़ियारी में एक ही दिन में कुछ ही घंटों में 4 छोटे बच्चों को पागल कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। उसने एक दर्जन से अधिक लोगों पर हमला भी किया. घटना के बाद ने अंबेडकर अस्पताल से लेकर शहर के एक दर्जन छोटे-बड़े अस्पतालों में कुत्ते काटने के मामलों की पड़ताल की। कुत्ते के काटने से पीड़ित लोग सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी पहुंच रहे हैं।

### लगातार बढ़ रही है संख्या, निगम के प्रयास शून्य

शहर में कुत्तों से लोगों को राहत दिलाने के नाम पर निगम के प्रयास शून्य हैं. फिलहाल कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है. बाहरी और आसपास के ग्रामीण इलाकों को छोड़ने का फार्मूला भारी विरोध के कारण फेल हो गया है. कुत्तों की नसबंदी करने की योजना भी फ्लॉप हो गई है, जबकि निगम दो साल पहले बधियाकरण में ही 50 लाख से ज्यादा खर्च कर चुका है।

कुत्तों की संख्या घटने के बजाय बढ़ी है. कुत्तों का बंध्याकरण केंद्र भी एक तरह से बंद है. निगम अधिकारी कह रहे हैं कि अटारी में घेरा बनने के बाद डॉग स्टरलाइजेशन सेंटर और अस्पताल भी शिफ्ट हो जाएगा। डॉग पाउंड का संचालन निगम और शहर की सामाजिक संस्थाएं और डॉग प्रेमी मिलकर करेंगे। इसके लिए कई संगठनों से सहमति भी ले ली गई है। कई संस्थाएं ऐसी हैं जिनकी टीम 100 से ज्यादा लोगों की है. इनमें बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक हैं और स्वयंसेवक भी शामिल हैं. लेकिन ये बातें तो बातें ही हैं.इसमें किसी भी योजना पर कोई काम नहीं हो रहा है।

# विद्युत विभाग की लापरवाही ट्रांसफार्मर के पास लगे ग्रीप से जोड़ दिया कनेक्शन

**निगम द्वारा लगाए गए सौंदरीकरण के नाम पर लोहे के ग्रिल पर फैला तारों का जाल, दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण, कई अवैध कनेक्शन**

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा जिला वैसे तो ऊर्जा धानी के नाम से जाना जाता है जहां कई पावर प्लांटों के द्वारा देश.विदेश तक बिजली पहुंचाई जाती है लेकिन कोरबा जिले में चौपट विद्युत व्यवस्था का हाल किसी से छुपा नहीं है जहां करोड़ों खर्च करने के बाद भी बिजली गुल होने की समस्या आए दिन बनी रहती है वही जगह जगह बेतरतीब ढंग से ट्रांसफ ॉर्मर के पास खुले बिखरे तार दुर्घटना को आमंत्रित करते देखे जा सकते हैं। कोरबा शहर के घंटाघर स्थित चौपाटी के पास स्थित ट्रांसफार्मर की बात करें तो यहां विद्युत विभाग के अधिकारी ट्रांसफ ार्मर के पास लगे ग्रीफ से ही कनेक्शन दे दियें हैं वहीं कई ऐसे कनेक्शन धारी हैं जो अवैध तरीके से कनेक्शन जोड़कर चौपाटी में



दुकान रोशन कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक चौपाटी में एक कमर्शियल मीटर से लगभग डेढ़ सौ दुकानों में कनेक्शन दिया गया है वहीं कुछ लोग अवैध कनेक्शन भी लगाए हुए हैं जिस पर विभाग की नजर नहीं पड़ रही है। वही निगम द्वारा सुंदरता की दृष्टिकोण से लगाए गए लोहे के ग्रिल में लपेटकर कई कनेक्शन धारी अपनी दुकानों तक कनेक्शन ले गए अगर इस दौरान तारों के आपसी रगड़ में कहीं तार खुल जाती है या स्पार्क हो जाती है तो पूरे लोहे के ग्रिल पर करंट प्रवाहित हो सकता है जिससे एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है, बरसात के दिनों में यह संभावना और भी बढ़ जाती है। चौपाटी होने के कारण यहां कई लोग फ ुटपाथ में ग्रिल के सहारे दुकान लगाते हैं इसके साथ-साथ चौपाटी में बच्चों से लेकर बड़ों तक घूमने वाले लोगों द्वारा





गाहे.बगाहे लोहे की ग्रिल को छू लिया जाता है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है वही विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के संरक्षण में कई ऐसे दुकान संचालक हैं जो ग्रिप के पास से अवैध कनेक्शन जोड़कर दुकान का संचालन कर रहे हैं, कई ऐसे विद्युत मीटरों से एक से अधिक कनेक्शन जोड़ा गया है। वही बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पहले बरसात के दिनों में विद्युत से चिपक कर चौपाटी में एक व्यक्ति की जान भी जा चुकी है बावजूद इसके लापरवाही बरती जा रही है। ऐसे में ना विद्युत विभाग को लोगों की जान की चिंता ना निगम को लोगों की जान की परवाह।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in